* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

20 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 32

लीजेंड्री बॉलीवुड एक्ट्रेस तबस्सुम का 78 साल की उम्र में निधन




SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

## मुख्यमंत्री के आदेश के बाद योजना का प्रारूप तैयार

# झारखंड में 31 दिसंबर 2019 से पहले बने मकान वैध होंगे

- मुख्यमंत्री ने विभागीय मंत्री के तौर पर योजना को दी सहमति
- लोगों से अगले एक महीने तक मांगे जायेंगे सुझाव और फीडबैक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के शहरी क्षेत्र में किये गये अनधिकृत आवासीय निर्माण को नियमित करने की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके तहत राज्य के शहरी इलाके में बनाये गये अनियमित भवनों को नियमित किया जायेगा। विभाग के द्वारा इसके लिए 'अनधिकृत आवासीय निर्माण को नियमितीकरण करने के लिए योजना-2022' का प्रारूप तैयार कर लिया है। मुख्यमंत्री ने विभागीय मंत्री के तौर पर योजना को सहमति दे दी है।

**अब लोगों को लाभ देने की प्रक्रिया शुरू :** शहरी क्षेत्र में किये गये अनधिकृत/ विचलित निर्माण को नियमित करने के लिए शुल्क के माध्यम से नियमितीकरण हेतु झारखंड अधिनियम, 2011 अधिसूचित किया गया था, लेकिन बहुतायत संख्या में लोग इस अवसर का लाभ नहीं उठा सके। पुनः राज्य सरकार द्वारा 'अनधिकृत निर्माण को नियमित करने के लिए योजना, 2019' अधिसूचित की गयी, लेकिन विभिन्न निकायों/ प्राधिकारों तथा विभिन्न संगठनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह योजना भी विभिन्न कारणों से आम जनता को रियायत पहुंचाने में विशेष कारगर नहीं हो सकी। उपरोक्त बिंदुओं के आलोक में यह आवश्यकता महसूस की गयी कि एक बार फिर अनधिकृत निर्माण को संरचनात्मक स्थिरता एवं नियोजन मापदंड के दायरे में रखकर नियमित करने की कार्रवाई की जाये। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 590 (1) एवं सह पठित धारा-434 के तहत दी गयी शक्ति का उपयोग करते हुए राज्य सरकार अनधिकृत निर्माण को नियमित करने की योजना प्रतिपादित कर रही है। योजना के तहत 31 दिसंबर, 2019 के पूर्व से निर्मित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का नियमितीकरण हो सकेगा। इस योजना को और अधिक प्रभावी और सरल बनाने के लिए लोगों से अगले एक महीने तक सुझाव और फीडबैक भी मांगे जायेंगे।

### अनधिकृत भवनों के नियमितीकरण के लिए अनुमान्य निर्धारित सीमा

भवन की ऊंचाई 15 मीटर तक हो सकती है, लेकिन संरचना केवल ग्राउंड और तीन मंजिला (जी+3) का होना चाहिए तथा 500 वर्गमीटर तक प्लॉट क्षेत्र (प्लिंथ क्षेत्र 100 प्रतिशत तक) और 500 वर्गमीटर से अधिक का प्लॉट क्षेत्र, जिसका प्लिंथ क्षेत्र 75 प्रतिशत या 500 वर्गमीटर, जो भी कम हो, होना चाहिए।

### भवनों के लिए नियमितीकरण शुल्क

आवासीय और गैर आवासीय भवनों के लिए अलग-अलग शुल्क का निर्धारण किया गया है। नगर पंचायत स्थित आवासीय भवन के लिए 50 रुपये प्रति वर्ग मीटर एवं गैर-आवासीय के लिए 75 रुपये प्रति वर्ग मीटर, नगर परिषद स्थित आवासीय भवन के लिए 75 रुपये प्रति वर्ग मीटर एवं गैर-आवासीय भवन के लिए 100 रुपये प्रति वर्ग मीटर तथा नगर निगम/विकास प्राधिकरण/ औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार/ अधिसूचित क्षेत्र समिति/नगर पालिका क्षेत्र स्थित आवासीय भवन के लिए 100 रुपये प्रति वर्ग मीटर एवं गैर-आवासीय के लिए 150 रुपये प्रति वर्ग मीटर की राशि देय होगी।

# अटकाने, लटकाने, भटकाने का युग खत्म हो गया : मोदी

- नरेंद्र मोदी ने इटानगर में एयरपोर्ट का उद्घाटन कर विपक्ष पर बोला हमला



आजाद सिपाही संवाददाता

**इटानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में डोनी पोलो हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। यह प्रदेश का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट है। उन्होंने राष्ट्र को छह सौ मेगावाट का मेंग जलविद्युत स्टेशन भी समर्पित किया। इसके बाद पीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब मैंने 2019 में इस एयरपोर्ट का शिलान्यास किया था, तब चुनाव होने वाले थे। राजनीतिक टिप्पणीकारों ने आरोप लगाया कि हवाई अड्डा नहीं बनने जा रहा है और मोदी मतदान के कारण पत्थर खड़ा कर रहे हैं। आज का उद्घाटन उनके मुंह पर तमाचा है। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं कि हम ऐसा वर्क कल्चर लेकर आये हैं, जहां जिन परियोजनाओं का हमने शिलान्यास किया है, वहां उनका उद्घाटन करते हैं। उन्होंने कहा कि अब 'अटकाने, लटकाने, भटकाने' का युग चला गया है।

पीएम ने कहा कि देश ने 2014 के बाद हर गांव तक बिजली पहुंचाने का अभियान शुरू किया था। इस अभियान का बहुत बड़ा लाभ अरुणाचल प्रदेश के गांवों को भी हुआ है। यहां ऐसे अनेक गांव थे, जहां आजादी के बाद पहली बार बिजली पहुंची थी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पूर्वोत्तर एक अलग युग का गवाह बना। दशकों तक यह क्षेत्र उपेक्षा का शिकार रहा। जब अटलजी की सरकार बनी, तो पहली बार इसे बदलने का प्रयास किया गया। यह पहली सरकार थी, जिसने पूर्वोत्तर के विकास के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हमारा सपना था कि हमारे प्रदेश की राजधानी में एयरपोर्ट बने। आज पीएम मोदी के प्रयास से वह सपना पूरा हो गया है। उन्होंने इस हवाई अड्डे के निर्माण के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिये थे।

### 'काशी तमिल संगमम' का किया उद्घाटन

इससे पहले पीएम मोदी ने शनिवार को बाबा विश्वनाथ की नगरी में 'काशी तमिल संगमम' का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य दक्षिण और उत्तर की संस्कृति को एक साथ लाना है। इस दौरान पीएम मोदी सफेद रंग के पारंपरिक पोशाक में नजर आये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे देश में संगमों का खास महत्व है। इसलिए काशी तमिल संगमम अपने आप में ही खास है।

## तिहाड़ जेल में मसाज कराते दिखे सत्येंद्र जैन, मचा हंगामा



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** मनी लांड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली की केजरीवाल सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन का सोशल मीडिया पर सीसीटीवी फुटेज शनिवार को वायरल हुआ, जिसमें वह सेल के अंदर मसाज करवाते नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि सत्येंद्र जैन बिस्तर पर लेट कर कुछ पढ़ रहे हैं, जबकि एक शख्स उनके पैरों की मालिश क रहा है। फुटेज से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तिहाड़ जेल में बंद सत्येंद्र जैन जेल में ऐश की जिंदगी जी रहे हैं। इस वीडियो फुटेज के वायरल होने के बाद हंगामा मच गया है। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) वीडियो को लेकर कोर्ट में पहुंच गया है।

## नहीं रहे डॉ सबा अहमद

- दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में ली अंतिम सांस



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एकीकृत बिहार में मंत्री रहे टुंडी के पूर्व विधायक डॉ सबा अहमद का शनिवार की सुबह दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। रविवार को उनका पार्थिव शरीर गिरिडीह के पचंबा स्थित निवास स्थान पर लाया जायेगा, जहां उसे सुपुर्दे खाक किया जायेगा। डॉ सबा झारखंड-बिहार की राजनीति में लंबे समय तक सक्रिय रहे। भाजपा में विलय से पहले तक वह झारखंड विकास मोर्चा के प्रमुख नेता रहे। झाविमो के भाजपा में विलय के बाद डॉ सबा ने अपने लिए नया राजनीतिक विकल्प तलाशना शुरू किया, पर कोरोना काल में उनकी सेहत लगातार गिरती चली गयी। इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति से किनारा कर लिया।

डॉ सबा अहमद अविभाजित बिहार के समय पहले लालू प्रसाद यादव और फिर राबड़ी सरकार में मंत्री रहे। वह उच्च शिक्षा एवं कारा मंत्री रहे। वह झारखंड विधानसभा उपाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष की भी कुर्सी संभाल चुके थे। उन्होंने अपना राजनीतिक जीवन झामुमो से शुरू किया था। उनके पिता डॉ आइ अहमद गिरिडीह से कांग्रेस के सांसद रह चुके थे। इनके बड़े भाई डॉ सरफराज अहमद फिलहाल गांडेय से झामुमो विधायक हैं। सबा अहमद ने तीन बार टुंडी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

## अजब-गजब : झारखंड पुलिस की कार्यशैली पर एक बार फिर सवाल

# मामला बालीडीह थाने का, सुपरविजन कर दिया बेरमो इंस्पेक्टर ने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस अपनी कार्यशैली के कारण अक्सर चर्चा में आती रहती है। अभी एक बार फिर वह सवालों के घेरे में है। मामला बोकारो जिले के बालीडीह थाना का है। उस थाना में दर्ज एक मामले का सुपरविजन बेरमो अंचल के इंस्पेक्टर ने कर दिया, जबकि बेरमो अंचल के क्षेत्राधिकार में बालीडीह नहीं आता है। इस पूरे मामले को लेकर बालीडीह थाना प्रभारी ने बोकारो के एसपी को एक रिपोर्ट भेजी है और यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।

### क्या है मामला

बालीडीह थाना में नूतन मोदी प्रभारी हुआ करती थी। उनके ही कार्यकाल में 30 मई 2022 को एक मामला (कांड संख्या 157/2022) दर्ज किया गया। यह मामला सिजुआ के रहने वाले रब्बुल हक ने दर्ज कराया था। उसने आरोप लगाया उसके जमीन की चहारदीवारी ऐनुल अंसारी ने तोड़ दी और दो लाख रुपये की रंगदारी की मांग की।

इस संबंध में दर्ज मामले में भादवि की धारा 379, 385, 504 लगायी गयी। 28 जून को नूतन मोदी का तबादला बेरमो अंचल के सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में हो गया। बालीडीह थाना में इंस्पेक्टर रामप्रवेश को प्रभारी बनाया गया। उन्होंने 29 जून को योगदान दिया और अब भी वही कार्यरत हैं।

### बेरमो इंस्पेक्टर के यहां से निकला सुपरविजन

बेरमो के इंस्पेक्टर के कार्यालय से इस मामले का सुपरविजन नोट निकाला गया और प्रमुख धारा 379 को हटा दिया गया। इससे आरोपी को लाभ मिला है। ऐसे भी बालीडीह थाना बेरमो अंचल के अधीन नहीं आता है। वहां के अधिकारी इस पर सुपरविजन नोट नहीं निकाल सकते। जब इसकी जानकारी थाना प्रभारी को हुई, तो उन्होंने इस पूरे मामले पर एक रिपोर्ट एसपी को भेजी है।

### पलामू में ट्रैफिक का इंचार्ज है जमादार

रांची। झारखंड पुलिस की अजब-गजब कार्यशैली का दूसरा मामला पलामू का है। यह जानकर किसी को भी आश्चर्य होगा कि पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने के लिए ट्रैफिक का इंचार्ज एक जमादार को बना दिया गया है। इनका नाम रामजीत सिंह है। इनके जिम्मे ही वहां की ट्रैफिक की कमान है। बता दें कि अमूमन दूसरे शहरों में ट्रैफिक का इंचार्ज दारोगा, इंस्पेक्टर या डीएसपी होते हैं। रांची में तो चार ट्रैफिक थाने है। इनमें इंस्पेक्टर प्रभारी हैं और कम से कम चार ट्रैफिक के डीएसपी भी तैनात हैं। जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो में भी यही स्थिति है। पलामू एक ऐसा शहर है, जहां जमादार को प्रभारी बना दिया गया है। शहर के छह मुहान चौक के पास ट्रैफिक पुलिस का कार्यालय भी है। शहर भर में कम से कम 14 पोस्ट बनाये गये हैं। इनमें ढेर सारे जमादार और सिपाही भी पोस्टेड हैं, लेकिन पलामू पुलिस को प्रभारी के लिए कोई इंस्पेक्टर या दारोगा नहीं मिल रहा है। इसको लेकर वहां के पुलिसकर्मियों में थोड़ा रोष है।

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

परिवार कल्याण दिवस
प्रत्येक माह की 21 तारीख को
हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन की सेवाएं
अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर
परिवार कल्याण के लक्ष्य समूह-
- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक-युवती

गतिविधियाँ
- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय लिखो तरक्की का नया अध्याय
परिवार नियोजन की विधियाँ
स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी
अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर आई.यू.सी.डी 375 आई.यू.सी.डी 380 A, कंडोम
फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की सेवाएं
अधिक जानकारी के लिए निःशुल्क डायल करें 104 चिकित्सा सलाह 24x7 Health Information Helpline
108 24x7 एम्बुलेंस सेवा निःशुल्क आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा
अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र या जिला अस्पताल से सम्पर्क करें।
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड
P.R. 282796 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# वीर सावरकर पर राहुल गांधी के बयान के गहरे हैं सियासी मायने

## ■ बयान का गुजरात चुनाव से भी है कनेक्शन ■ कांग्रेस नेता की निगाहें तो कहीं और टिकी हैं

आजाद सिपाही विशेष

करीब तीन महीने पहले तमिलनाडु से भारत जोड़ो यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिलहाल महाराष्ट्र में हैं। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने वीर सावरकर पर एक विवादित बयान दिया है, जिस पर सियासत गर्म है। इस बयान को मराठी अस्मिता के खिलाफ भी देखा जा रहा है। राहुल गांधी ने बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर भाषण दिया, जिसे देश जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाता है। राहुल गांधी ने इस मौके पर बिरसा मुंडा और सावरकर के बीच तुलना करने का प्रयास किया। एक तरफ तो उन्होंने बिरसा मुंडा की खूब तारीफ की, लेकिन दूसरी तरफ उन्होंने वीर सावरकर के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिये। राहुल गांधी ने कहा कि सावरकर को अंग्रेजों से पेंशन मिलती थी। जेल से रिहा होने के लिए उन्होंने अंग्रेजों को एक माफीनामा भी लिखा था। अपने बयान के संबंध में राहुल गांधी ने एक दस्तावेज भी प्रस्तुत किया था। राहुल ने कहा कि सावरकर ने अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को भी धोखा दिया। अब इस बयान पर सियासी घमासान मचा हुआ है। भाजपा-कांग्रेस आमने सामने है। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने यह मुद्दा इसी समय क्यों उठाया, इसके पीछे भी कई मायने निकाले जा रहे हैं। जानकार बताते हैं कि राहुल गांधी ने वीर सावरकर पर यह बयान एक सोची-समझी रणनीति के तहत दिया है। यह गुजरात चुनाव को लेकर दिया गया बयान माना जा रहा है। लेकिन हकीकत यही है कि राहुल का यह बयान कांग्रेस को न निगलते बन रहा है ना उगलते। लेकिन राहुल को खूब पता है कि विवाद तो होगा। उनसे सवाल भी किये जायेंगे। राहुल गांधी और कांग्रेस को यह बखूबी पता है कि गुजरात में कांग्रेस बैकफुट पर है। इसीलिए महात्मा गांधी की हत्या और संघ पर पाबंदी के साथ सावरकर को गिरफ्तार करने समेत सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका के जरिये कांग्रेस यह मसला एक बार फिर से जिंदा करना चाहती थी। दरअसल गुजरात के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा आम आदमी पार्टी भी मैदान में है। ऐसे में इस लड़ाई में कांग्रेस कहीं भी नजर नहीं आ रही है। इसका मुख्य बल्लेबाज तो भारत जोड़ो यात्रा पर है, जिसका अभी गुजरात में पदार्पण नहीं हुआ है। सो सावरकर के मुद्दे के जरिये कांग्रेस दोबारा गुजरात में आना चाहती है। पता नहीं यह सलाह राहुल गांधी को किसने दी होगी, लेकिन जिसने भी दी है, नुकसान तो गहरा होने वाला है। यह बात उद्धव ठाकरे और शरद पवार को तो समझ में आयी, सो उन्होंने राहुल के इस बयान से किनारा कर लिया है। सावरकर पर राहुल के बयान के सियासी मायने का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

तमिलनाडु से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा का विवादों से नाता टूट ही नहीं रहा है। महाराष्ट्र पहुंची इस यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वीर सावरकर पर दिये गये बयान पर राजनीति गरमा गयी है और नया विवाद पैदा हो गया है। एक ओर जहां भाजपा नेता राहुल गांधी पर सवाल खड़े कर रहे हैं, वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी रही शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे ने उनके इस बयान से किनारा कर लिया है। इसके साथ ही सावरकर के पोते ने राहुल गांधी के खिलाफ मुंबई में शिकायत दर्ज करायी है। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के वाशिम जिले में आयोजित एक रैली में वीर सावरकर को लेकर भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधा था। बिरसा मुंडा जयंती के मौके पर राहुल गांधी आदिवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक ओर बिरसा मुंडा जैसी महान शख्सियत हैं, जो अंग्रेजों के सामने झुके नहीं और दूसरी ओर सावरकर हैं, जो अंग्रेजों से माफी मांग रहे थे। राहुल गांधी ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा जी 24 साल की आयु में शहीद हो गये। अंग्रेजों ने उन्हें जमीन देने की कोशिश की, धन देने की कोशिश की, उन्हें खरीदने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने सब नकार दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अपने लोगों को हक दिलवाना है। सावरकर जी को अंग्रेजों ने दो-तीन साल अंडमान में बंद कर दिया, तो उन्होंने चिट्ठी लिखनी शुरू कर दी कि हमें माफ कर दो, जो भी हमसे चाहते हो ले लो। बस मुझे जेल से निकाल दो। राहुल गांधी ने कहा कि एक ओर जहां भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया, उनके सामने झुके नहीं, वहीं दूसरी ओर सावरकार ने अंग्रेजों के सामने घुटने टेक दिये।

राहुल गांधी के इस भाषण पर भाजपा ने पलटवार किया है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर राहुल गांधी ने जो टिप्पणी की है, उसका जवाब महाराष्ट्र की जनता उन्हें देगी। फडणवीस ने कहा कि वीर सावरकर के बारे में राहुल गांधी के बेशर्म बयान और व्यवहार का जवाब महाराष्ट्र की जनता देगी। सावरकर देश के एकमात्र ऐसे नेता हैं, जो आजादी से पहले कारावास की सजा काट चुके हैं। आजादी के बाद भुखमरी की कैद झेली। उन्होंने जितने अत्याचार सहे, उतने अत्याचार किसी और ने नहीं सहे। देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी और आदित्य ठाकरे की मुलाकात पर भी सवाल उठाये। बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा जब महाराष्ट्र पहुंची, तो शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे भी इसमें शामिल हुए। फडणवीस ने कहा कि सावरकर के खिलाफ अगर किसी ने एक शब्द भी बोला, तो उसे वचन और कर्म से करारा जवाब मिला और अब राहुल गांधी सावरकर के बारे में ऐसी बात करते हैं। अब जब बालासाहेब ठाकरे स्वर्ग से देख रहे हैं कि आदित्य ठाकरे राहुल गांधी के साथ गले लगकर चल रहे हैं, तो वे क्या सोचेंगे?





सावरकर पर राहुल गांधी के बयान पर सियासी घमासान बढ़ा तो शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी और राहुल गांधी के बयान से किनारा कर लिया। उद्धव ठाकरे ने कहा, हम वीर सावरकर पर राहुल गांधी के बयान का समर्थन नहीं करते हैं। हमारे दिल में वीर सावरकर के लिए आदर और सम्मान है। उनके योगदान को कोई नहीं मिटा सकता है। मुझे तो हंसी आती है, जब भाजपा और संघ सावरकर की बात करते हैं। भारत को आजाद करवाने में इनका कोई योगदान नहीं था। उन्हें सावरकर के बारे में बोलने का कोई हक नहीं है। उद्धव ठाकरे ने आगे कहा, हम वीर सावरकर का सम्मान करते हैं, लेकिन साथ ही जब आप हमसे सवाल कर रहे हैं, तो भाजपा को यह भी बताना चाहिए कि वह पीडीपी (जम्मू और कश्मीर में) के साथ सत्ता में क्यों थी। उन्होंने दावा किया कि पीडीपी कभी भी 'भारत माता की जय' नहीं कहेगी।

सावरकर पर दिये गये बयान पर राहुल गांधी कई लोगों के निशाने पर आ गये। मीडिया से बातचीत में उनसे इसे लेकर सवाल किये गये। अपने जवाब में राहुल गांधी ने मीडिया के सामने सावरकर की लिखी चिट्ठी पेश की और कहा कि उन्होंने जो कुछ कहा है, वह पुख्ता सबूत के साथ कहा है। उद्धव ठाकरे की असहमति और भाजपा की ओर से उठ रहे सवालों पर राहुल गांधी ने एक कागज दिखते हुए कहा, यह मेरे लिए सबसे जरूरी दस्तावेज है। ये सावरकर जी की चिट्ठी है, जो उन्होंने अंग्रेजों के लिए लिखी है। इसकी आखिरी लाइन है- सर मैं आप का नौकर रहना चाहता हूं। वीडी सावरकार।

राहुल गांधी के बयान से नाराज होकर वीर सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने मुंबई के शिवाजी पार्क पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करायी है। एफआइआर में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक राष्ट्रपुरुष का अपमान किया है और उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

### आखिर राहुल ने ऐसा बयान क्यों दिया

यहां सवाल यह उठ रहा है कि आखिर राहुल गांधी ने सावरकर को लेकर अभी ऐसा बयान क्यों दिया। इसके पीछे की सियासत यह है कि राहुल गांधी गुजरात चुनाव में कांग्रेस के लगातार पिछड़ते जाने से चिंतित हैं। उन्हें उम्मीद थी कि भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस को गुजरात में कुछ लाभ मिलेगा, लेकिन पहले आप के मैदान में उतरने से और बाद में भाजपा द्वारा नया मॉडल अपनाने के बाद कांग्रेस बुरी तरह पिछड़ती नजर आ रही है। राहुल इस स्थिति से कांग्रेस को निकालने की कोशिश में जुटे हैं और इसलिए गुजरात में गांधी बनाम सावरकर का माहौल तैयार कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि राहुल को अपने बयान की संवेदनशीलता का अंदाजा नहीं था, लेकिन उन्होंने जानबूझ कर महाराष्ट्र में ही यह बयान दिया, क्योंकि वह सावरकर पर विवाद पैदा कर भाजपा को घेरने की रणनीति पर चल रहे हैं।

---

पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह नामंजूर

## पोते के बर्थडे में थाइलैंड नहीं जा सकेंगे विधायक कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी की विशेष अदालत ने मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी हुसैनाबाद के राकांपा विधायक कमलेश सिंह का पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह नामंजूर कर दिया है। इस तरह विधायक अपने पोते के जन्मदिन में शामिल नहीं हो सकेंगे। वह अपने पोते के जन्मदिन में शामिल होने के लिए थाइलैंड जाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने अदालत से पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह किया था। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सुनवाई के बाद विधायक की याचिका को खारिज कर दिया।



बता दें कि कमलेश सिंह 5.83 करोड़ रुपये से अधिक के मनी लांड्रिंग मामले में आरोपी हैं। अभी इस मामले में इडी की ओर से गवाहों को प्रस्तुत किया जा रहा है। मामले में वह जमानत पर हैं।

### भूल सुधार

दिनांक 19 नवंबर, 2022 के अंक में विधायक कमलेश सिंह द्वारा पासपोर्ट रिलीज किये जाने की याचिका दाखिल किये जाने के संबंध में प्रकाशित समाचार में उनकी जगह राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर का फोटो प्रकाशित हो गया है। इस मानवीय चूक के लिए हमें खेद है।

---

विधानसभा भूमि अधिग्रहण आंदोलन मामला

## बंधु तिर्की समेत 6 आरोपियों को एमपी-एमएलए कोर्ट ने किया बरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नये विधानसभा भवन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया था। इसके खिलाफ प्रदर्शन हुए थे। इस मामले में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत 6 आरोपी बरी हो गये हैं। रांची एमपी-एमएलए की स्पेशल कोर्ट ने सभी आरोपियों को साक्ष्य और गवाह के अभाव में बरी कर दिया है। दरसल रांची के कूटे मौजा में विधानसभा भवन के निर्माण को लेकर साव 2015 में भूमि अधिकरण किया जा रहा था। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और स्थानीय समाजसेवियों के नेतृत्व में पुरजोर विरोध किया गया था।

### हल जोत कर जताया था विरोध

जिस जगह पर आज विधानसभा का भव्य इमारत खड़ा है। उस जगह पर हल जोतकर विरोध किया गया था। उस दौरान हल्की झड़प भी हुई थी। जिसको लेकर नगड़ी थाना में बंधु तिर्की, समाजसेवी वासवी किड़ो, राहुल उरांव, मनोज उरांव, विमल महली, कृष्ण उरांव के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

---

## पंकज मिश्रा का इलाज नशा मुक्ति केंद्र में कराने की सलाह दी रिम्स ने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स में भर्ती पंकज मिश्रा को मेडिकल बोर्ड ने नशा मुक्ति केंद्र में इलाज कराने की सलाह दी है। मेडिकल बोर्ड के सामने इलाज कर रहे डॉक्टरों ने कहा है कि दर्द की दवा फोर्टवीन (प्रतिबंधित दवा) से हल्की दवा देने पर उनको बेचैनी हो जाती है। ऐसे में अब नशा मुक्ति केंद्र के अलावा इलाज के लिए कोई दूसरी जगह नहीं बची है। अंत में बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में डी-एडिक्शन सेंटर के लिए रेफर करने की अनुमति दे दी है। वहीं, बोर्ड की रिपोर्ट को रिम्स प्रबंधन ने जेल प्रशासन को भेज दिया है। गौरतलब है कि 19 जुलाई को प्रवर्तन



निदेशालय (इडी) ने मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। पूछताछ के लिए इडी ने पंकज को रिमांड पर भी लिया था, लेकिन पूछताछ के दौरान तबीयत बिगड़ने पर रिम्स में भर्ती कराया गया था। इलाज और जांच के दौरान क्रोनिक पैंक्रियाज की समस्या की पुष्टि हुई थी। वहीं, दर्द की प्रतिबंधित दवा फोर्टवीन के उपयोग की जानकारी मिली थी। दवा का आदी होने और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने के कारण डॉक्टरों ने मनोचिकित्सक की सलाह पर दर्द की हल्की दवा शुरू की थी। इलाज के दौरान का सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है इडी : रिम्स में भर्ती रहने के दौरान का सीसीटीवी फुटेज इडी खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज भर्ती रहने के दौरान लोगों से बाचतीत करने की जानकारी के बाद रिम्स से संग्रहित कराया गया है। इडी की मांग पर रिम्स प्रबंधन ने करीब एक महीने की मशक्कत के बाद सीसीटीवी फुटेज सौंपा है। पंकज मिश्रा के भर्ती रहने के चिह्नित स्थान का करीब एक टीबी (टेराबाइट) सीसीटीवी फुटेज इडी को दिया गया है।

---

फार्म हाउस के लिए रांची के राजकुमार ने देखी जमीन

## अब गुमला में खेती करेंगे माही

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद से अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। धोनी लगातार खेती में हाथ आजमा रहे हैं। इस कड़ी में धोनी ने रांची के बाद झारखंड के अन्य जिले का भी रूख किया है। दरअसल टीम इंडिया को वर्ल्ड कप दिलवाने वाले धोनी अचानक गुमला पहुंचे। धोनी ने गुमला के मुरगु अंबाटोली गांव में कृषि को बढ़ावा देने और फार्म हाउस खोलने की योजना बनायी है। इसी मकसद से धोनी ने दक्षिणी कोयल नदी के समीप रैयती जमीन का मुआयना किया।

खेत मुरगु गांव के मदन सिंह का है। बताया जा रहा है कि शाम में धोनी मुरगु गांव आये थे। वो गांव में करीब 30 मिनट रुके। इस दौरान धोनी ने गांव की भौगोलिक बनावट देखी। उन्होंने मुरगु गांव का भ्रमण गाड़ी में बैठकर किया, इसलिए लोगों को यह पता नहीं चल सका कि धोनी आये हैं। मुरगु गांव पहुंचने पर मदन सिंह और उनके परिवार के सदस्यों ने धोनी का स्वागत किया और वहां पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले कोयल नदी के समीप पर खेत का मुआयना किया। इस दौरान वहां कुछ लोगों ने धोनी के साथ फोटो भी खिंचवाई। इसके बाद मदन सिंह के घर में धोनी ने खाना खाया फिर सड़क मार्ग से रांची लौट गये।



मदन सिंह ने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी कोयल नदी के समीप जमीन लेना चाहते हैं। इस क्षेत्र में कृषि को बढ़ावा देने की उनकी योजना है। इसके अलावा फार्म हाउस और कई प्रकार की योजना है। इसके लिए वो जमीन देखने पहुंचे थे। जमीन मेरी है उन्होंने अभी जमीन देखी। कुछ दिनों के बाद जमीन लेने पर सहमति बनेगी। मदन सिंह ने बताया मुरगु पहुंचने से पहले उन्होंने कहा था कि किसी को आने की सूचना नहीं देनी है, इसलिए ज्यादा लोगों को धोनी के आने की सूचना नहीं मिल सकी। यहां तक की जिला प्रशासन को भी इसकी सूचना नहीं दी गयी थी।

---

## बच्चू यादव की ओर से इडी कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से शनिवार को इडी कोर्ट में डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल किया गया। वहीं मामले में शनिवार को बच्चू यादव की पेशी भी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हुई। डिस्चार्ज पिटिशन में कहा गया कि उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है इसलिए उन्हें इस केस से मुक्त किया जाये।

कोर्ट ने बच्चू यादव के डिस्चार्ज पिटिशन पर सुनवाई की तिथि 3 दिसंबर निर्धारित की। सुनवाई के दौरान कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए बच्चू यादव ने कोर्ट से आग्रह किया कि मां की खराब तबीयत के मद्देनजर उसे साहिबगंज ट्रांसफर कर दिया जाये। इस आग्रह पर कोर्ट की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गयी। बीते शुक्रवार को बच्चू यादव की जमानत अर्जी इडी कोर्ट

### 3 दिसंबर को सुनवाई

ने खारिज कर दी थी। बच्चू यादव की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। इस दौरान पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश की भी पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई। उन दोनों की भी अब अगली पेशी 3 दिसंबर को होगी। बता दें कि बच्चू यादव को इडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, इसके बाद 11 अगस्त को उसे न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया था। इडी की ओर से बच्चू यादव, प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इडी की टीम ने पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव को 4 अगस्त को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार करने के पूर्व पत्थर व्यवसाई बच्चू यादव को इडी की टीम ने दो बार समन जारी किया था।

---

महिला सब इंस्पेक्टर हत्याकांड

## पशु तस्करों ने वाहन को रोकनेवालों को कुचलने की बात पहले से की थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तुपुदाना थाना क्षेत्र के हुलहुंडू के पास बीते 20 जुलाई की सुबह तीन बजे वाहन चेकिंग के दौरान पशु लदा पिकअप वैन एसआइ संध्या टोपनो को कुचल दिया था। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गयी। इस मामले में रांची पुलिस ने चार आरोपियों के ऊपर चार्जशीट दायर किया है। पुलिस की जांच में पता चला है कि पशु तस्करों ने अपने वाहन को रोकने वालों को कुचलने की बात पहले से तय कर ली थी। जब महिला सब इंस्पेक्टर ने तुपुदाना के हुलहुंडू के पास वाहन चेकिंग के दौरान मवेशी अब लदे पिकअप वैन को रूकने का इशारा किया तो तस्करों ने जान-बूझकर पिकअप से कुचलकर दिया। महिला सब इंस्पेक्टर हत्या मामले में रांची पुलिस ने जिन 4 लोगों के ऊपर चार्जसीट दायर किया है उसमें पशु तस्कर निजार खान, मो. साजिद, मो. शाहीद और तौहीद शामिल हैं। इस मामले में ओड़िशा के एक पशु तस्कर को भी एफआइआर में आरोपी बनाया गया है। एफआइआर में यह लिखा गया है कि ओड़िशा से ही मवेशी पिकअप वैन में भरकर रांची लाये जा रहे थे, इसका खुलासा गिरफ्तार चारों आरोपियों ने भी किया है।

### क्या है मामला

जिले के तुपुदाना थाना क्षेत्र के हुलहुंडू के पास बीते 20 जुलाई की सुबह तीन बजे वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप वैन एसआइ संध्या टोपनो को कुचल दिया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि पशु से लदा एक पिकअप वैन उनके इलाके से निकलेगा। पशु से भरे वाहन को तस्कर सिमडेगा से लेकर निकला है। सिमडेगा पुलिस ने पीछा किया पर वो भाग निकलने में कामयाब रहे। इसके बाद गुमला और खूंटी पुलिस को भी चकमा देते हुए रांची पहुंचा। उस दौरान सब इंस्पेक्टर संध्या ही रात्रि ड्यूटी में तैनात थीं। उन्होंने जानकारी मिलते ही वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया लेकिन इसी दौरान पशु तस्करों ने उनके ऊपर ही गाड़ी को चढ़ा दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.8 °c | 11.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.05 बजे |



## हमारी सुनो : सड़क पर उतरे प्राथमिक शिक्षक, कहा-

# हमारी मांगें पूरी करें नहीं तो शिक्षा व्यवस्था ठप करा देंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। पूर्व घोषित अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री आवास को घेरने की कोशिश की लेकिन कुछ दूर पहले ही प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। शिक्षकों ने सरकार पर जमकर हमला बोला तथा खुलेआम चुनौती दी।

कहा कि सरकार हमारी जायज मांगों पर गंभीर नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में आने वाले दिनों में प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था ठप करा देंगे। साथ ही दिसंबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर शिक्षक बैठने पर विवश होंगे। घेराव सह प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र चौबे ने कहा कि सरकार शिक्षकों के साथ भेद-भाव नहीं करे। उनकी जायज मांगों के प्रति गैर जिम्मेदाराना भूमिका अदा कर रही है। गुणवत्ता शिक्षा के विकास के बजाय गैर शैक्षणिक कार्यों के बोझ से शिक्षक दबे हैं एवं कई गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। नये-नये एनजीओ के प्रवेश से प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।



### क्या हैं मांगें

- प्रदर्शन कर रहे प्राथमिक शिक्षकों की पहली मांग है कि उन्हें राज्य कर्मचारियों की तरह एमएसीपी का लाभ दिया जाये।
- दूसरी मांग है कि छठे वेतन आयोग की विसंगतियों को दूर कर एंट्री पे स्केल की सुविधा दी जाये।
- शिक्षकों के अंतरजिला स्थानांतरण नियमावली में संशोधान- विभागीय मंत्री द्वारा दिनांक 05.09.2020 को निदेशित पत्र में उल्लेखित प्रावधानों को समाहित कर वर्तमान स्थानांतरण नियमावली में संशोधन किया जाना।
- शिक्षकों को अत्याधिक लिपिकीय एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर विद्यालयों में पठन-पाठन कार्य के लिए शिक्षकों को तंत्र करना।

# मंत्री बन्ना के आश्वासन के बाद सहियाओं का अनशन समाप्त

**गरीब का बेटा हूं और गरीबों का दर्द भलीभांति समझता हूं : मत्री बन्ना गुप्ता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश सहिया संघ के बैनर तले चल रहा धरना तीसरे दिन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। रांची में राज्यस्तरीय धरना के पहले दिन गुरुवार को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इसके बाद बीते दो दिनों से सहिया मोरहाबादी मैदान में खुले आसमान के नीचे 18 हजार रुपये प्रति माह मानदेय करने और स्थायीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही थीं।



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमारी सहिया राज्य के स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इनके मानदेय में बढ़ोतरी का मामला केंद्र और राज्य से जुड़ा हुआ है। हमारे राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन भी सहिया के प्रति संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि बीच का रास्ता निकालने को लेकर विचार कर रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से सहियाओं के लिए कई बार बात की है। मेरा व्यक्तिगत मानना भी है कि इनका मानदेय कम है। गरीब का बेटा हूं और गरीबों का दर्द भलीभांति समझता हूं।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी इस संबंध में हमारी बातचीत हुई है। बहुत जल्द विभाग के अपर मुख्य सचिव, सहिया के प्रतिनिधि, बगोदर विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मिलकर बैठक करेंगे। उनकी समस्याओं का हल करने का प्रयास करेंगे।

# जनता का राजनीतिक शिकार कर रही राज्य सरकार: सुदेश

**मुख्यमंत्री संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती देने की बजाये वैधानिक कार्यवाही का सामना करें**

**राज्य की सभी 81 विधानसभा में जन-पंचायत लगायेगी आजसू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झूठ की बुनियाद पर खड़ा संगठन आज राज्य का नेतृत्व कर रहा। अस्सी के दशक से शुरू हुआ झूठ, लूट और भ्रम का मायाजाल, आज भी कायम है। वर्तमान सरकार द्वारा झारखंडी जनता का राजनीतिक शिकार किया जा रहा। इन्होंने झारखंड आंदोलन को लटकाने और भटकाने का काम किया और अब खतियान तथा आरक्षण जैसे गंभीर एवं संवेदनशील विषय को भी लटका दिया है। जनता को इनकी कुटिल राजनीति को समझना होगा। विधानसभा के प्रत्येक सत्र में इन्होंने स्थानीय नीति तथा आरक्षण के विषय पर अलग-अलग बयान दिये और जब इनके राजनीतिक अस्तित्व पर संकट आया, तो इन्होंने अपने बयानों से यू टर्न ले लिया। और अब ये अपनी राजनीतिक शहादत का मौका ढूंढ रहे, ताकि उसका सहारा लेकर अपनी नाकामियों को छुपा सकें। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने प्रधान कार्यालय, रांची में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक के दौरान कहीं। बैठक में आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति तथा आरक्षण के विषय पर हम शुरू से मुखर रहे हैं। कहा कि मुख्यमंत्री को संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती देने के बजाये वैधानिक कार्यवाही का सामना करना चाहिए। केंद्रीय समिति की बैठक में आजसू पार्टी के भावी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इसमें महाधिवेशन मुख्य रूप से शामिल था।

केंद्रीय समिति की बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, केंद्रीय महासचिव डॉ. लंबोदर महतो, रोशनलाल चौधरी एवं राजेंद्र मेहता, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव माधव चंद्र महतो, गोपीनाथ सिंह, अजय सिंह, सतीश कुमार सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।




### सर्वसम्मति से ये प्रस्ताव हुए पारित

- राज्य की सभी 81 विधानसभा में जन पंचायत लगाकर, राज्य के ज्वलंत विषयों पर संवाद किया जायेगा।
- 20 नवंबर को अखिल झारखंड श्रमिक संघ का राज्य स्तरीय अधिवेशन बेरमो में आयोजित किया जायेगा।
- 04 दिसंबर को कोनार डैम क्षेत्र, मांडू में अखिल झारखंड महिला संघ का राज्य स्तरीय अधिवेशन का आयोजन किया जायेगा।
- सर्वसम्मति से 3,4 एवं 5 मार्च,2023 को पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

# विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर केंद्र को दें जवाब: वृंदा करात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गैर भाजपा प्रशासित प्रदेश में केंद्र सरकार अलग अलग रवैये अपना रही है। स्थिति ऐसी है कि अब मंत्रियों को हटाने का आदेश तक राज्यपाल दे रहे हैं। ये संविधान में निहित नहीं है। देश में संविधान और कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है। उक्त बातें सीपीआइएम राष्ट्रीय पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने कहीं। करात शनिवार को राजधानी स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी के नाम पर भाजपा राज्यों के विकास कार्यों को बाधित कर रही है। ऐसे में जरूरी है कि विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर इस पर मुखर हो। जनता के बीच जाकर भाजपा के कार्यों का विश्लेषण करें।



करात ने कहा कि झारखंड में भी स्थिति गंभीर है। ऐसे में जो पार्टियां भाजपा की नीतियों को समर्थन नहीं देती हैं। वो एकजुट हों। राज्य के मुख्यमंत्री को भी ऐसी बैठकों का आयोजन करना चाहिए। जिसमें विपक्षी दलों को एक पटल पर लाया जाये। ऐसी बैठकों में सिर्फ अपने बचाव पर नहीं बल्कि प्रदेश के हित में भी निर्णय लिया जाना चाहिए। साथ ही केंद्र में बैठी भाजपा सरकार को भी ऐसी नीतियों पर जवाब देना चाहिए।

# मुख्यमंत्री से मिले विधानसभा के प्रभारी सचिव

**सीएम हेमंत सोरेन को विधानसभा स्थापना दिवस समारोह में किया आमंत्रित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीएम हाउस में मुलाकात की। सचिव ने मुख्यमंत्री को 22 नवंबर को आयोजित विधानसभा स्थापना दिवस समारोह और 23 नवंबर को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।



## ज्यूडिशियल एकेडमी में सेमिनार का आयोजन

# जस्टिस अपरेश सिंह ने कहा-अदालतों को चाइल्ड फ्रेंडली होने की जरूरत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित ज्यूडिशियल एकेडमी में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें यौन अपराध से बच्चों की हिफाजत और कानूनी प्रावधानों के तहत आरोपियों को सजा दिलाने के उद्देश्य से पोस्को अधिनियम की जानकारी दी गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जस्टिस अपरेश सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में हाइकोर्ट के कई जज सहित संबंधित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।




### अधिकारियों को सजग होकर काम करने का दिया निर्देश

कार्यक्रम का विषय इफेक्टिव इंप्लीमेंटेशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस रहा। अपरेश सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद संबंधित अधिकारियों को सजग होकर काम करने का निर्देश दिया। ताकि पोक्सो अधिनियम बेहतर तरीके से लागू हो सके। इस अधिनियम से बच्चों को इंसाफ मिल सके।

### अपराध में बच्चों का बढ़ना चिंता का विषय

जस्टिस अपरेश सिंह ने कहा कि बच्चे अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो चिंता का विषय है। तमाम जिलों में काउंसलर की नियुक्ति की जरूरत पर भी बल दिया। अपरेश सिंह ने चतरा के कोर्ट को मॉडल कोर्ट बताया। उन्होंने कहा अदालतों को चाइल्ड फ्रेंडली होने की भी जरूरत है ताकि बगैर हिचक के पीड़ित बच्चे अपनी बात को रख सकें।

# चतरा मंडल कारा में एसपी और डीसी के निर्देश पर हुई छापेमारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चतरा मंडल कारा में बीती देर रात डीसी अबु इमरान और एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर छापेमारी की गयी। एसडीओ मुमताज अंसारी एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में मंडल कारा में छापेमारी अभियान चलाया गया। शुक्रवार की रात 9:00 बजे से लेकर करीब 11:00 बजे रात तक कारा के विभिन्न वार्डों को खंगाला गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने खैनी, तंबाकू, सूई-धागा, नेलकटर एवं दैनिक उपयोग के अन्य सामान जब्त किये हैं। जेल में छापेमारी की योजना को गोपनीय रखा गया था।


## पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. ST-SBP-TENDER-2022-15, दिनांक : 16.11.2022

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के टिटिलागढ़ स्टेशन एवं बलांगीर स्टेशन के प्लेटफॉर्म- 4 एवं 5 में PA सिस्टम एवं कोच इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान।

**निविदा मूल्य (रुपये में):** 59,19,598/-, EMD (₹): 1,18,400/-

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक : 08.12.2022 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

**द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट का अवलोकन करें।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार), सम्बलपुर

PR-721/N/22-23


## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **वृष** — जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, आर्थिक लाभ।
- **मिथुन** — गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** — भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **सिंह** — धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।
- **कन्या** — आपके धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, पारिवारिक दायित्व में खर्च अधिक करेंगे।
- **वृश्चिक** — रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **धनु** — किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।
- **मकर** — साहसिक कार्य में सफलता, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा
- **कुंभ** — परिस्थितियों में सुधार,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **मीन** — स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।


अत्दीपा विहरथ
नेतरहाट विद्यालय

## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT

(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

Letter No. -2009 Date:19.11.2022

**NOTICE FOR WALK IN INTERVIEW FOR APPOINTMENT OF NON TEACHEING STAFF ON CONTRACTUAL BASIS**

In the light of advertisement No. 1243, dated 02.08.2022 regarding appointment of non-teaching staff on contractual basis which was earlier cancelled due to unavoidable reason now again requires/invites the application for appointment of non-teaching staff on contractual basis keeping the all terms & condition remain constant against our earlier advertisement published in this regard.

A Walk-in Interview will be Conducted in the School Premises for the recruitment of Non-Teaching Staff as Contractual Basis for the period of 11 Months. Interested Candidates may appear for the interview as per the given details:

**1. SCHEDULE OF REGISTRATION FOR WALK IN INTERVIEW:**

| Post | Date of Interview | Registration | Interview |
|---|---|---|---|
| Accounts Clerk-01 Post | 26.11.2022 | 09:45 AM to 10:30 AM | 12:30 PM to 5:30 PM |
| Store Keeper-01 Post | 27.11.2022 | 09:45 AM to 10:30 AM | 12:30 PM to 5:30 PM |
| Computer Operator cum Typist-01 Post | 27.11.2022 | 09:45 AM to 10:30 AM | 12:30 PM to 5:30 PM |

**Venue : Netarhat Residential School, Netarhat.**

Sd/-
Principal
Netarhat Pesidential School
Cum-Member Secretary
Netarhat Vidyalaya Samiti
Netarhat

## स्वच्छता अभियान को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया



**जयनगर।** प्रखंड के जयनगर पूर्वी पंचायत भवन में शनिवार को मुखिया कौशर खान की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ स्वच्छता का शपथ लिया गया जिसमे ब्लॉक कोऑर्डिनेटर त्रिभुवन पांडे ने सभी ग्रामीणों को शपथ दिलाया। शौचालय के महत्व तथा स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी दी और शौचालय का सपरिवार प्रतिदिन उपयोग करने के लिए जागरूक किया। कहा कि खाने से पहले तथा शौच के बाद अच्छी तरह से हाथ धोएं। उन्होंने नारा लगाते हुए ग्रामीणों के साथ जयनगर पूर्वी में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली और लोगों को जागरूक किया। शौचालय का उपयोग सपरिवार करें एवं अपने घर के आस-पास श्रमदान अवश्य करें, पूरे देश में स्वच्छता का परिचय दे। उन्होंने बताया कि इस पंचायत में विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर स्वच्छता दौड़ कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस दौरान मुखिया कौशर खान, जल सहिया अनीता देवी, रोहित कुमार, तस्लीम खान, अजय कुमार, सुनील साहू, बुधनी देवी, संवाद खातून, सकीना खातून, मुस्लिम खान, रामविलास राम अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सरकारी राजस्व की क्षति पहुंचाने का आरोप

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने झुमरीतिलैया सीएच उच्च विद्यालय के सामने जिला परिषद द्वारा निर्मित लगभग 35 दुकानों पर वर्षों से लाखों रुपया किराया की वसूली ना कर सरकारी राजस्व में क्षति पहुंचाने पर जिला परिषद के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी को कटघरे में खड़ा किया है। किराया वसूली में अब तक इनकी चुप्पी समझ से परे है और अब तो रेलवे द्वारा फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण में यह सभी दुकानें हस्तगत करने की प्रक्रिया में है। रेलवे द्वारा इसे खाली करा देने एवं ध्वस्त कर देने पर लाखों रुपए की क्षति हो जाएगी जिस की जवाबदेही एवं भरपाई किस पर होगी जिला परिषद के जनप्रतिनिधियों पर या पदाधिकारी पर। बसंत ने इस संबंध में उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को सूचित कर अविलंब वसूली प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया है।

## बाजार समिति की खाली पड़ी जमीन पर दुकान बनाने की मांग

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया स्थित कोडरमा बाजार समिति अंतर्गत कई एकड़ में खाली जमीन की उपयोगिता एवं इसके सचिव द्वारा इसके विकास हेतु पहल न करने के संबंध में सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने अनुमंडल दंडाधिकारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस पर पहल करने की मांग की है। बाजार समिति की खाली पड़ी जमीन पर दुकान बना दिया जाए तो कई शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हो जाएगा। अभी फोरलेन से सटी जमीन पर अनाधिकृत रूप से झोपड़ी डालकर कुछ दुकानें संचालित हैं। इन्हीं जमीनों पर स्थायित्व योजना के तहत कई दुकानें बनाई जा सकती है जिसका लाभ बेरोजगार उठा सकते हैं एवं दुकान लेने के एवज में एडवांस भी दे सकते हैं। दुकान निर्माण हो जाने से एक तरफ कुछ हद तक बेरोजगारी दूर होगी वहीं सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। स्थिति यह है कि बाजार समिति सचिव को हजारीबाग का भी चार्ज दिया गया है जिस कारण कोडरमा कार्यालय में समय नहीं देते हैं एवं यदा-कदा शाम में आकर कार्यालय का कार्य निपटाते हैं, ऐसी स्थिति में विकास की सोच से परे है। श्री बसंत ने अनुमंडल दंडाधिकारी से इन विषयों पर पहल कर उचित निर्णय लेने के साथ ही कम से कम सप्ताह में तीन दिन सचिव की उपस्थिति की मांग की है जिस पर पहल करने का आश्वासन मिला है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सी सी ए के तहत शनिवार को इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बालक और बालिका दोनों वर्गों के लिए थी। इसमें पानी, पावन, धरती और आकाश हाउस के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग के प्रतियोगिता में पानी हाउस विजेता रहा। जबकि धरती हाउस दूसरे स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में पानी हाउस प्रथम और धरती हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि खेल के क्षेत्र में भी काफी संभावनाएं हैं। बच्चे अगर मनोयोग से खेल पर भी ध्यान देंगे तो उसमें अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में आयोजित ऐसी प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है। इस मौके पर एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, राकेश पांडेय, पीटीआई कुंदन कुमार राणा, मिथिलेश सिंह, विशाल आनंद, बैंड मास्टर प्रमोद सिंह आदि शिक्षक मौजूद थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्पोर्ट्स कैप्टन रवि पांडेय, लक्की थापा, हेड बॉय यशराज, मयंक पांडेय, माही पांडेय, स्वीटी कुमारी, नंदनी राज, आदित्य सिंह, पल्लवी कुमारी, शालू साह, हर्षिता सिंह, अंकिता कुमारी, रोहित कुमार, रोबिन कुमार के अलावा अन्य बच्चे मौजूद थे।

## एक दिन में सदर अस्पताल में हुआ 12 मरीजों का ऑपरेशन, लौटी आंख की रोशनी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर अस्पताल समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ होने जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। शनिवार को सदर अस्पताल में एक ही दिन में आंख की बीमारी से परेशान 12 मरीजों का सफलता ऑपरेशन किया गया। सदर अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुनील द्वारा मरीजों का सफलतापूर्वक मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। अब ये मरीज अपनी आंखों से देख सकेंगे। नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुनील ने बताया कि सदर अस्पताल में आंख से संबंधित तरह की बीमारियों का ईलाज किया जाता है। नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुनील व उनकी टीम के द्वारा मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीनों में 27 मरीजों का आंख का ऑपरेशन हुआ है और अबतक 58 दृष्टिहीनों को सदर अस्पताल ने आंख की रौशनी लौटाई है।

## सिकंदर अली को मुंबई में मिला झारखंड सेवा रत्न सम्मान



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बगोदर प्रखंड के बेको के रहनेवाले प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता को सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद दामोदर दास मोदी के हाथो से झारखंड सेवा रत्न सम्मान दिया गया। अमूल्य योगदान हेतु पिछले वर्ष 2021 को भी मुंबई में झारखंड सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है और वह सामाजिक कार्य के क्षेत्र में कई अवार्ड हासिल कर चुके हैं सिकंदर अली को यह सम्मान बीते 18 नवम्बर को मुंबई के दादर स्थित श्री शिवाजी नाट्य मंदिर में झारखण्ड वासी परिवर्तन संघ के द्वारा आयोजित 22वां झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि सिकन्दर अली एक जमीनी सामाजिक व्यक्तित्व है जिन्होंने सामाजिक सेवा को अपना प्राथमिक उद्देश्य बनाया है इन्होंने प्रवासी मजदूरों के हित,पर्यावरण, शिक्षा आदि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। और मैं सामाजिक जीवन में अनवरत अपना योगदान जारी रखूंगा ज्ञात हो कि सिकंदर अली एक जमीनी सामाजिक व्यक्तित्व है, जिन्होंने सामाजिक सेवा को अपना प्राथमिक उद्देश्य बनाया है इन्होंने प्रवासी मजदूरों के हित एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। साथ ही लगातार आम लोगों के बीच सेवा करते आए हैं इस मौके पर मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार,इन्कम टैक्स ऑफिसर मनुलाल बैठा,फिल्म इंडस्ट्री के सुप्रसिद्ध लेखक दिलीप शुक्ला,विधायक अमित यादव,अमरजीत मिश्रा,पंकज सोनी,डॉ नेहा सिन्हा,मनोज सिंह,दिनेश प्रसाद,जिप सदस्या कुमकुम देवी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## लोगों की समस्याओं से रुबरु हुए डीसी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जनता दरबार में जमीन विवाद, पेंशन, राशन व अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये।

### फोटो मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

# मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में फोटो मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य 2023 की विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों के बीच फॉर्म 6,7,8 एवं वोटर हेल्पलाइन एप्प आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन की भूमिका सबसे अहम है जितनी स्वच्छ हमारी मतदाता सूची होगी हम निर्वाचन को उतनी ही पारदर्शिता से कराने में सक्षम हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा समय-समय पर कैंप के माध्यम से नाम सुधार, नाम हटाना, पता बदलवाना एवं नाम जोड़ना जैसी प्रक्रियाएं की जाती हैं। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐप भी लांच किया गया है जिसके माध्यम से भी आप कई प्रक्रियाएं ऑनलाइन कर सकते हैं। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 की सफलता के संदर्भ में समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा अभियान सफल एवं प्रभावी हो इसके लिए सभी प्रखंडों के अंचल अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में चल रहे अभियान एवं बीएलओ व सुपरवाइजर की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी बैठक आयोजित कर नियमित रूप से सुपरवाइजर एवं बीएलओ के कार्यों का समीक्षा करें। आम लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाएं, पोस्टर बैनर को डिस्प्ले करें। नगर निगम क्षेत्र में अभियान की स्थिति में सुधार करने का विशेष निर्देश उपायुक्त ने दिया। समाज कल्याण पदाधिकारी को बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविका, साहियाओं को विशेष निर्देश देने को कहा। 1 जुलाई 2023 एवं 01 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि को मतदाता बनने की योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र-6 के साथ रंगीन फोटो आयु प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते है। इस कार्यक्रम में उपायुक्त के अलावे, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी बरही पूनम कुजूर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के जिला अध्यक्ष, झारखंड मुक्ति मोर्चा से शंभू लाल यादव, बहुजन समाज पार्टी से विनोद कुमार सिंह, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सवादी से गणेश कुमार सीटू, इंडियन नेशनल कांग्रेस से निसार खान, राष्ट्रीय जनता दल से संजर मल्लिक, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से महेंद्र राम व अन्य उपस्थित थे।

## नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग ने कौमी एकता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग के द्वारा कौमी एकता दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम महात्मा गांधी के तसवीर पर मालार्पण किया गया। राष्ट्रीय युवा स्वंयसेवक प्रतीक भारद्वाज ने कहा कि कौमी एकता सप्ताह सार्वजनिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की ताकत को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। पूरे सप्ताह का समारोह पुरानी परंपराओं, संस्कृति और सहिष्णुता की कीमत और भाईचारे की भारतीय समाज में एक बहु-धार्मिक और बहु सांस्कृतिक धर्मों की पुष्टि करने के लिए सभी को एक नया अवसर प्रदान करता है। स्वंयसेवक आकाश कुमार ने कहा कि देश में हर धर्म संप्रदाय के लोग आपसी एकता कायम कर राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं। साथ ही सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों को आगाह किया। कहा जब कभी ऐसे हालात का सामना करना पड़ जाए तो समझदारी का परिचय देना चाहिए। कार्यक्रम में महेश, भीम, सचिन, रूपम, राजा, स्वेता , नम्रता आदि कई लोग उपस्थित थे।

## चहारदीवारी से हो सकेगी स्कूली बच्चों की हिफाजत : जेपी पटेल



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग डीएमएफटी मद के तहत स्वीकृत टाटीझरिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय होलंग की चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को हुआ। मौके पर विधायक जयप्रकाश भाई पटेल समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने नारियल फोड़कर कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मुख्य सडक के किनारे स्थित मध्य विद्यालय होलंग में चाहरदीवारी निर्माण होने से छात्र-छात्राओं की बेहतर हिफाजत हो सकेगी। उन्होंने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में हर तबके का विकास करना उनकी प्रतिबद्धता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक, कला-संस्कृति हर क्षेत्र में योजनाएं संचालित हैं। उनके विधानसभा के सभी पंचायतों में विकास के काम हो रहे हैं। इस अवसर पर मुखिया सुरेश यादव, कैलाशपति सिंह, योधी प्रसाद यादव, होपन सिंह, रोहित पटेल, अमरेश सिंह, महेश अग्रवाल, सहदेव यादव, अर्जुन राणा, संजय कुमार यादव, बबलू यादव, बालेश्वर महतो, गिरजा शंकर, बोधी महतो, बंधु महतो, मुरली गंझू, अजय महतो, बिनोद महतो, जुगेश्वर महतो व अन्य मौजूद थे।

# मुंबई में बिरसा मुंडा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित होंगे रंजन चौधरी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मुंबई में प्रवासियों के हित में कार्यक्रम संस्था झारखंडी एकता संघ द्वारा आयोजित झारखंड दिवस-2022 समारोह में बिरसा मुंडा रत्न अवार्ड से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी रविवार को सम्मानित होंगे। देश में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले कुल 14 रत्नों का चयन इस अवॉर्ड के लिए संस्था द्वारा किया गया है। जिसमें 31 वर्षीय युवा रंजन चौधरी का चयन किया गया है । युवा रंजन चौधरी किसी परिचय के मोहताज नहीं है। हजारीबाग में समाजसेवा के क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान है। विधायक मनीष जायसवाल के साथ रहकर जहां सिद्दत से अपने कामों को करते हैं वहीं आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के मदद को 24 घंटे सातों दिन निर्बाध रूप से सेवा रहते हैं। कनकनाती ठंड हो, झमाझम बारिश हो रही हो, प्रचंड धूप हो या तेज आंधी- तूफान, सुबह हो या शाम या हो आधी रात जरूरतमंद मरीजों या उनके परिजनों के एक कॉल पर उनके मदद को कूद पड़ते हैं। कोई सड़क दुर्घटना की सूचना मिले या किसी को आपातकालीन स्थिति में खून की जरूरत पड़े हर परिस्थिति में वे हरसंभव मदद को तैयार रहते हैं। वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान भी इन्होंने विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए भी जन- जरूरतों के लिए अपना पूरा समय खफा दिया। खुद कोरोना संक्रमित होने और अस्पताल में इलाजरत होने के बाबजूद कइयों की जान बचाने में सहयोग पंहुचाया।

**रंजन चौधरी मूलतः** बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखण्ड स्थित ग्राम पंचायत सिमुकिया के रहने वाले हैं। वे एक युवा समाजसेवा, युवा पत्रकार, युवा पर्यावरणविद्ध भी हैं। इन्होंने अपनी पढ़ाई हजारीबाग से ही की है। इन्होंने आईएससी और बीएससी (जन्तु विज्ञान) अन्नदा कॉलेज से और एमएससी (जन्तु विज्ञान) से नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी से की है। साल 2010 से विधायक मनीष जायसवाल के साथ बतौर मीडिया प्रतिनिधि समाज में अपनी सेवा प्रदान कर रहें हैं।

## अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के चितरामो जंगल में 2.30 बजे रात्रि वन क्षेत्र पदाधिकारी बगोदर वन परिक्षेत्र के निदेर्शानुसार संयुक्त वन बल गश्ती के क्रम में चीतरामो सुरक्षित वन से टाटा 3118 ट्रक जिसमे गविंदपुर से सटे जंगल हुरलुंग सुरक्षित वन से अवैध कोयला लोड कर गोविंदपुर के रास्ते ले लाया जा रहा था कि वन विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कोयला सहित जप्त कर बगोदर वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर ले जाकर रखा गया है। भारतीय वन अधिनियम एवं झारखण्ड वनपोज अभिवहन का विनियमन नियमावली के सुसंगत धाराओं में करवाई कर चार को अभियुक्त बनाया गया है ,वाहन मालिक तालेश्वर साव , चालक प्रदीप सिंह ,के अलावा विशेश्वर महतो, बरतु उराव । जबकि घटना स्थल से विशेश्वर महतो और बरतू उराव को गिरफ्तार किया गया जबकि चालक प्रदीप सिंह जंगल का लाभ लेकर फरार हो गया।

# कोडरमा जिले में 10-12 और पार्क बनेंगे : डीसी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को उप विकास आयुक्त आवास के निकट लखी बागी कोडरमा में महर्षि कर्दम ऋषि पार्क का लोकार्पण उपायुक्त आदित्य रंजन, अध्यक्ष जिला परिषद रामधन यादव, उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, जिला परिषद सदस्य कोडरमा महेंद्र यादव, जिला परिषद सदस्य डोमचांच शांतिप्रिया एवं ध्वाजाधारी आश्रम के महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज द्वारा संयुक्त रूप से लोकार्पण किया गया। लखीबागी राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के बगल में बने इस पार्क का लोकार्पण कर आम जनों के लिए खोल दिया गया। पार्क में अवस्थित ओपन जिम का पदाधिकारियों ने घूम घूम कर जायजा लिया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि कोडरमा के लिए आज बहुत सौभाग्य का क्षण है, जनप्रतिनिधि के सहयोग से और खासकर उप विकास आयुक्त के पहल से इतना अच्छा पार्क बन कर मिला है। जिला परिषद की टीम को तहे दिल से इसके लिए उपायुक्त ने धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कोडरमा के लिए पहला सबसे अच्छा पार्क बना है। आने वाले समय में कोडरमा जिला में 10-12 पार्क का निर्माण किया जाएगा। जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि इस पार्क को बनाने में जिला प्रशासन का अहम भूमिका है। कोडरमा जिला वासियों को यह बहुत बड़ी सौगात मिला है। उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा ने बताया कि इस पार्क में आमजनों के लिए कई प्रकार की सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। पार्क में बच्चों के लिए झूले की व्यवस्था की गयी है, साथ ही आमजनों के लिए व्यायाम करने के लिए ओपन जिम का निर्माण किया गया है। पार्क में घूमने आने वालों लोगों के लिए महर्षि कर्दम ऋषि का प्रतिमा देखने के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। साथ ही पार्क के चारो तरफ लोगों के घूमने के लिए पाथवे का निर्माण किया गया है, जहां लोग मॉनिंग व इवनिंग वॉक कर सकते हैं।

**महर्षि कर्दम ऋषि के प्रतिमा पर माल्यार्पण**

पार्क में अवस्थित महर्षि कर्दम ऋषि के प्रतिमा पर उपायुक्त आदित्य रंजन, अध्यक्ष जिला परिषद रामधन यादव, उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज सहित वरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने बारी बारी से माल्यार्पण किए। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चंद्रशेखर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक जनप्रतिनिधि एवं अन्य मौजूद थे।

## कोरटेवा एग्रीसाइंस कंपनी ने फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकप्पी पंचायत के चौथा गांव में पायनियर बीज कंपनी के द्वारा विशाल फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें पायनियर हाइब्रिड धान 27पी37 के विशेषता के बारे में किसानों को बताया गया मौके पर मौजूद कंपनी के मैनेजर समित कुमार एवं एमडीआर मो नौशाद आलम एंड उमेश प्रसाद ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि पायनियर 27पी37 अत्यधिक पैदावार देने वाला हाइब्रिड धान है जिसकी बाली अन्य धान के मुकाबले लंबी और गुच्छेदार एवं वजनदार होती है तथा ये हर मौसम में किसी दूसरे धान से जायदा उपज देती है जिससे किसानों को अत्यधिक पैदावार मिलता है और किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त होता है इसका चावल खाने में काफी अच्छा होता है। साथ ही किसानों को धान एवम सब्जी के फसल में लगने वाले बीमारियों और किट संबंधित जानकारी भी दिया गया। अच्छी उपज लेने वाले किसानों को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया गया। मौके पर किसान दूर्गा सिंह, कुलदीप सिंह, जुगेश्वर सिंह समेत दर्जनों किसान मौजूद थे।

## मनमाने तरीके से क्रशर मशीन लगाने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना क्षेत्र के भुसाई, साडम और टेपसा गांव के सिमाना पर पत्थर माफिया द्वारा मनमानी तरीके से क्रशर मशीन लगाने का दर्जनों ग्रामीणों ने जम कर विरोध किया। ग्रामीण दर्जनों की संख्या में क्रशर लगाए जाने के स्थान पर पहुंच नारेबाजी भी की और किसी कीमत पर नहीं लगाने देने की बात कही। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा की पत्थर माफिया पहले ही इस क्षेत्र को बर्बाद कर चुके हैं, मगर अब सालों भर खेती और सब्जी फसल होने वाले भूमि को भी बर्बाद करने में लगे हैं। जहां क्रशर मशीन बैठाया जा रहा है वहां से मात्र सौ फीट की दूरी पर टमाटर, धनिया, बैगन के साथ चना, मटर, सरसो की खेती लगी है। अगर क्रशर मशीन चालू हो गया तो उसके डस्ट से पूरा क्षेत्र और खेती बर्बाद हो जायेगा। साथ ही ग्रामीणों ने कहा की पूरा क्षेत्र ईको सेंसिटिव जॉन घोषित है फिर पत्थर माफिया किसके सह पर क्रशर लगा रहे है। क्या उन्हे प्रशासन और सरकार का भी डर नहीं है। अगर पांच दिनों के अंदर क्रशर मशीन को नही हटाया गया तो मामले से सभी जिले के अधिकारियों को अवगत करा करवाई की मांग की जाएगी। विरोध करने वालों में रामराज सिंह, कामेश्वर, सिंह, आनंदी सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, बिलेश सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, संतोष सिंह, आलोक सिंह, बुलबुल सिंह, अभय सिंह, अभय पांडे, विक्रम सिंह, भूषण सिंह, जयजीत सिंह, रोहित सिंह, भावेश सिंह, कुणाल सिंह, ऋषभ सिंह, सुधाकर पांडेय, निधेश सिंह, भोलू सिंह, बंटी सिंह, आंसू सिंह, धर्मेंद्र सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## झरपो से हुई महिंद्रा पिकअप चोरी

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में चोरी की वारदातें थम नहीं रही है। चोरों ने शुक्रवार की रात घर के बाहर खड़ी महिन्द्रा पिकअप चुराकर ले गए। मालिक ने चोरी हुई पिकअप की तलाश की. लेकिन पता नहीं चला। झरपो निवासी टिकन्दर कुमार पिता बालेश्वर महतो ने बताया कि शुक्रवार की रात लगभग दो बजे महिन्द्रा पिकअप ( जेएच-02यु-5868 ) की चोरी हो गयी । टिकन्दर कुमार ने कहा कि जब चोरो ने खडी गाडी को चालु किया तब उसकी आवाज से नींद खुल गई जब तक घर का दरवाजा खोलते तब तक चोर गाडी को लेकर भाग गया था। इधर-उधर पिकअप की तलाश की । लेकिन पिकअप का पता नहीं चला । इससे पहले भी कई वाहनों की चोरी हो चुकी है। पिछले वर्ष भराजो निवासी सुरेन्द्र प्रसाद का ट्रेक्टर चोरी हो गया था। झरपो निवासी सुबोध पंडा व राजेन्द्र महतो के घर के सामने से खडी गाडी का टायर स्टैपनी की चोरी हो गई थी। इसके अलावे झरपो से कई किसानों का पानी का पंप व जेनरेटर की चोरी हो चुकी है । टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भराजो से लगभग 25 किमी दूर ईचाक थाना पडने के कारण चोर इसका फायदा उठा रहे हैं. क्षेत्र में चोरी की वारदातें आए दिन होती रहती है ।

## काम पर लोटेंगे कृषक मित्र, हड़ताल समाप्त



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** कृषक मित्र प्रदेश संघ के निर्देश पर प्रखंड के कृषक मित्र 29 सितम्बर से हड़ताल पर था। सरकार द्वारा मांग पुरा होने पर कृषक मित्र संघ के द्वारा हड़ताल को समाप्त किया गया। हड़ताल समाप्त करने की आवेदन प्रखंड अध्यक्ष प्रवील प्रसाद के नेतृत्व में बीडीओ शाईनी तिग्गा एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुधीर राय को दिया। प्रवील प्रसाद ने कहा कि हमलोग को हड़ताल पर जाने से किसानों को भी परेशानी होती थी। वहीं बीइओ सुधीर राय ने कहा कि कृषक मित्र के हड़ताल में रहने पर बीज वितरण करने समेत अन्य में परेशानी होती थी। हड़ताल समाप्त होने से काम में तेजी आयेगी। आवेदन देने में इंद्रदेव यादव,नाथो गंझु समेत अन्य उपस्थित थे।

## करंबा मांझी टोला में गृह प्रवेश सह कंबल वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत भराजो पंचायत के करम्बा मांझी टोला में शनिवार को सुखदेव मांझी का गृह प्रवेश किया गया उसके बाद वहां के योग्य लोगों के बीच ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय समेत अन्य लोग उपस्थित थे। कंबल छोटकी देवी,दसमी देवी,लिलामुनी देवी,दसमी देवी,देवती देवी,बबीता देवी,सुगनी देवी समेत अन्य के बीच दिया गया। मौके पर वार्ड सदस्य शीवा कुमार,सुनीता देवी, अजीत कुमार, भगवान प्रसाद,दिलीप यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## चंद्रवंशी समाज के लोगों ने महाराज जरासंध की 5225वीं जयंती मनायी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ पंचायत के ग्राम नावाडीह में शनिवार को अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बिष्णुगढ़ इकाई के द्वारा चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की 5225 वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता अशोक चंद्रवंशी तथा संचालन नरेश चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों ने चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।मौके पर चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी ने सम्राट महाराज जरासंध के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराज जरासंध मगध वर्ष के शक्तिशाली राज शिव भक्त थे । और दानवीर थे तथा उनके बल के शक्तियों के बारे में अवगत कराया।अपने समाज के लोगों को उनके बताए गए मार्ग पर चलने की अपील की।उन्होंने कहा कि उनकी जीवनी को आज भी हम सभी को अनुसरण करने की जरूरत है। वही सभा का संचालन कर रहे नरेश चंद्रवंशी ने कहा कि हमारा समाज आज भी पिछड़ा है, हमारा समाज में एकजुटता की जरूरत है। तथा शिक्षा पर जोर दिया कहा कि हमें अपने समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। तभी हमारा समाज आगे बढ़ सकता है। आयोजन समारोह के मौके पर अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, सचिव परमेश्वर चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष विकी चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद चंद्रवंशी, उपसचिव नरेश चंद्रवंशी, बिष्णुगढ़ उपमुखिया अनुराग बर्मन, धनेश्वर चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, लल्लन रवानी, राजेश चंद्रवंशी, नरेश रवानी, दिलीप चंद्रवंशी, नवल किशोर वर्मा, जवाहिर रवानी, आनंद राम,सरयू प्रसाद, गौतम रवानी, कुंदन रवानी, महेंद्र चंद्रवंशी,मनोज चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि रीना बर्मन, कंचन देवी, लक्ष्मी देवी, सोनू देवी, रिया देवी समेत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

# जज चुनने का तरीका

सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्टों के जजों की नियुक्ति प्रक्रिया का सवाल एक बार फिर बहस में आ गया है। सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को मौजूदा कलीजियम सिस्टम को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया। जजों द्वारा जजों की नियुक्ति के इस सिस्टम पर बहस लंबे समय से चल रही है। आलोचक इसे इस आधार पर अनुपयुक्त करार देते हैं कि जज खुद ही जजों को चुनेंगे तो भाई-भतीजावाद को बढ़ावा मिलने का संदेह बना रहेगा, जिससे न्यायपालिका की असंदिग्ध विश्वसनीयता सुनिश्चित करने का उद्देश्य बाधित होगा। इस सिस्टम के पक्ष में यह कहा जाता है कि भारत में व्यवहार में यह व्यवस्था सही साबित हुई है और अब तक का अनुभव इसकी पुष्टि करता है। मगर बहस से एक कदम आगे बढ़ते हुए केंद्र सरकार ने इस व्यवस्था को समाप्त करने के उद्देश्य से 2014 में एक बिल लाकर नेशनल जुडिशल अपॉइंटमेंट कमिशन का गठन भी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में उसे खारिज करते हुए कलीजियम सिस्टम को ही बहाल रखा। उस समय से लेकर अब तक केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के स्टैंड में कोई खास बदलाव नहीं आया है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू हाल में भी कलीजियम सिस्टम की आलोचना कर चुके हैं। दूसरी ओर, याचिका को लिस्ट किये जाने पर हामी भरने से ठीक पहले बेंच की अगुवाई कर रहे सीजेआइ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने एक बार फिर ध्यान दिलाया कि 2015 में ही सुप्रीम कोर्ट कलीजियम सिस्टम को बहाल करने का फैसला कर चुका है। ऐसे में इस बात की संभावना बहुत कम है कि कार्यपालिका और न्यायपालिका में से कोई इस अहम मसले पर अपना रुख बदलेगा।

**जजों द्वारा जजों की नियुक्ति के इस सिस्टम पर बहस लंबे समय से चल रही है। आलोचक इसे इस आधार पर अनुपयुक्त करार देते हैं कि जज खुद ही जजों को चुनेंगे तो भाई-भतीजावाद को बढ़ावा मिलने का संदेह बना रहेगा, जिससे न्यायपालिका की असंदिग्ध विश्वसनीयता सुनिश्चित करने का उद्देश्य बाधित होगा।**

वजह यह है कि जहां केंद्र सरकार जजों द्वारा जजों के चुने जाने को कई वजहों से गलत समझती है। वहीं सुप्रीम कोर्ट की मुख्य चिंता यह है कि किसी और व्यवस्था को अपनाने से कहीं जजों की नियुक्ति का अधिकार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कार्यपालिका के हाथों में चला गया, तो न्यायपालिका की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। जाहिर है, कोई बीच की राह निकल पायेगी, ऐसा कम से कम पहली नजर में नहीं लगता। मगर तत्काल कोई हल न दिख रहे होने के बावजूद इस सवाल पर बहस और विचार-विमर्श जारी रहना चाहिए, क्योंकि भविष्य में कोई भी बेहतर व्यवस्था इसी प्रक्रिया से उभरेगी। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि जब तक जजों की नियुक्ति की कोई वैकल्पिक और बेहतर व्यवस्था नहीं उभरती, तब तक एक तो नये जजों की नियुक्ति का काम अटकाये न रखा जाये और दूसरा, मौजूदा कलीजियम व्यवस्था को बेहतर बनाने का अजेंडा भी टाला न जाये। जजों के चयन में पारदर्शिता लाने और नए जज चुने जाने के आधार को ज्यादा तार्किक बनाने जैसे कई पहलू हैं, जिन पर काम कर-के इसमें सुधार किया जा सकता है और इसी व्यवस्था से बेहतर नतीजे हासिल किये जा सकते हैं।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**1972 में इला बेन ने 'सेवा' (स्व-नियोजित महिला संघ) की स्थापना की जिसके लिए उनकी प्रेरणा, उनकी कानूनी शिक्षा, शुरुआती कामकाजी वर्षों के दौरान टैक्सटाइल लेबर एसोसिएशन में अनुभव और उन लोगों के लिए काम करने की खोज से आये, जो असुरक्षित और असंगठित हैं। मैं अहमदाबाद में अपने इंडियन एक्सप्रेस के कार्यालय के दौरान इला बेन को जानता था। मैंने उन्हें एक अद्भुत जमीनी नेता के रूप में पाया, जिन्होंने गरीब महिलाओं की बेहतरी के लिए भरपूर कार्य किया।**

# इला बेन : गरीबों को दान की आवश्यकता नहीं

**हरि जयसिंह**



इला बेन जिनका हाल ही में निधन हो गया, के पास महिला सशक्तिकरण के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा था कि गरीबों को दान की आवश्यकता नहीं है। महिलाओं को गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकलने के प्रयास करने और उससे बाहर निकलने के लिए एक सक्षम तंत्र की आवश्यकता है।

गुजरात में सामाजिक प्रथा के अनुसार इला भट्ट या इला बेन अप्रांसगिक धारणाओं को तोड़ने के लिए एक चैंपियन थीं। परिणाम की एक धारणा यह थी कि समाज ने कार्य को किस तरह से परिभाषित किया, जिसमें घर पर काम करने वाली कई महिलाओं को शामिल नहीं किया गया था। चाहे यह सिलाई, बुनायी या पशुओं को पालना शामिल हो। इसके साथ-साथ खुले बाजारों में फल, सब्जियां, खाद्यान्न इत्यादि को बेचने का काम करने वाली महिलाएं भी शामिल नहीं की गयीं। यह श्रमिक अनौपचारिक श्रम बाजार का हिस्सा हैं और महिलाएं भारत के संपूर्ण कार्यबल का करीब 90 प्रतिशत हिस्सा हैं।

श्रमिकों के इस समूह को समाज में उनकी असुरक्षित, अपंजीकृत स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सुरक्षा, पूंजी, भोजन और शिक्षा तक पहुंच सहित सबसे बुनियादी सुरक्षा से वंचित कर दिया गया था। 1972 में इला बेन ने 'सेवा' (स्व-नियोजित महिला संघ) की स्थापना की जिसके लिए उनकी प्रेरणा, उनकी कानूनी शिक्षा, शुरुआती कामकाजी वर्षों के दौरान टैक्सटाइल लेबर एसोसिएशन में अनुभव और उन लोगों के लिए काम करने की खोज से आये, जो असुरक्षित और असंगठित हैं।

**10 रुपये के वार्षिक सदस्यता शुल्क के साथ 'सेवा' किसी भी व्यक्ति को सदस्य बनाने की अनुमति देता है, जो स्व-नियोजित है।**

मैं अहमदाबाद में अपने इंडियन एक्सप्रेस के कार्यालय के दौरान इला बेन को जानता था। मैंने उन्हें एक अद्भुत जमीनी नेता के रूप में पाया, जिन्होंने गरीब महिलाओं की बेहतरी के लिए भरपूर कार्य किया। सेवा के शुरुआती दिनों के दौरान सर्वोच्च प्राथमिकता पूंजी तक पहुंच हासिल करना था, ताकि महिलाएं उत्पादन के साधनों की मालिक बन सकें और उन्हें अब बिचौलियों पर निर्भर न रहना पड़े। उस समय कई भारतीय बैंकों के राष्ट्रीयकरण और गरीबी में कमी पर जोर देने के बावजूद इला बेन को स्थापित बैंकों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा।

कोई भी बैंक गरीब महिलाओं को पैसा उधार देना नहीं चाहता था। इसीलिए उन्होंने 'सेवा सहकारी बैंक' के रूप में अपना समाधान निकाला, जिसकी स्थापना 1974 में की गयी। इला बेन को एक बार फिर से लोगों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने उन्हें चेतावनी दी थी कि महिलाएं गरीब हैं और इसीलिए उन पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। उनका पक्ष यह था कि महिलाएं समय पर कर्ज नहीं चुका पायेंगी, फिर भी इला ने अपना रास्ता अपनाया। एक साक्षात्कार के दौरान वह कहती हैं, 'मुझे महिलाओं पर भरोसा करना पड़ा , क्योंकि मौजूदा संस्थानों द्वारा उनका अत्यधिक शोषण किया गया था।'

दुनिया भर में विभिन्न प्रकार की सहकारी समितियों की सफलता के बावजूद हमने समावेशी विकास लाने और नये तरीकों से सोचने के लिए सहकारी समितियों की शक्ति का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया है। वर्षों से सहकारी समितियों ने अपना मूल्य दिखाया है और न केवल बेहतर कृषि उत्पादकता, वित्तीय स्थिरता, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य परिणामों के मामलों में भी समावेशी विकास लाने की क्षमता दिखायी है। इला बेन के शब्दों में, 'गरीबी एक हिंसा है और यह समाज की सहमति से है।' उनके अनुसार, 'सत्ता में बैठे लोग यथा स्थिति बनाए रखने में ही खुश हैं। इसीलिए गरीबी का समाधान स्वयं लोगों द्वारा प्रदान किया जाना चाहिए।'

10 जून 2017 को बेंगलुरु में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्थाओं को संबंध बनाने और सामूहिक शक्ति के निर्माण के लिए आगे बढ़ना चाहिए। मैं अपने देश में पालन-पोषण की अर्थव्यवस्था के निर्माण की वकालत करती हूं। इससे पहले कि हम आगे बढ़ें पहले मैं यह बात समझा दूं कि मेरा पालन-पोषण से क्या मतलब है।

उन्होंने अवधारणा की व्याख्या की और कहा कि पोषण की अर्थव्यवस्था के लिए हमारे सोचने के तरीके, व्यवहार करने के तरीके में बड़े बदलाव की आवश्यकता है। अर्थशास्त्र को एक अनुशासन के रूप में पुनर्जीवित करना होगा। इस मामले में इला बेन से कोई सवाल नहीं कर सकता।

मैंने अहमदाबाद में अपने सेवाकाल के दौरान इला बेन की सेवा को करीब से देखा है। उन्होंने उन महिलाओं के लिए एक प्रभावी रोजगार सहायता कार्यक्रम बनाया, जो देश के सबसे गरीब और सबसे अधिक हाशिए पर हैं।

इला बेन जिनका हाल ही में निधन हो गया, के पास महिला सशक्तिकरण के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा था कि गरीबों को दान की आवश्यकता नहीं है। महिलाओं को गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकलने के प्रयास करने और उससे बाहर निकलने के लिए एक सक्षम तंत्र की आवश्यकता है। 10 रुपये के वार्षिक सदस्यता शुल्क के साथ 'सेवा' किसी भी व्यक्ति को सदस्य बनाने की अनुमति देता है, जो स्व-नियोजित है। वर्तमान में इसका 18 भारतीय राज्यों के साथ-साथ कुछ दक्षिण एशिया, दक्षिण अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में कार्यशील नेटवर्क है। आत्मा और दृष्टिकोण में इला एक गांधीवादी थीं और एक मूक क्रांतिकारी भी, जिन्होंने गरीब महिलाओं को जीने का एक नया उद्देश्य दिया।

## जमशेदपुर की खबरें

### विधायक मंगल कालिंदी की पहल पर परिजनों तक पहुंची मुआवजा राशि

# 11000 वोल्ट के तार को खुद खड़ा होकर हटवाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित पूर्वी घोड़ाबांधा पंचायत के कम्फुटा टोला में बीते दिनों 11 हजार वोल्ट के चपेट में आने से कलावती गोराई का निधन ही गयी थी। मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि मिलने में भी विलंब होने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने विधायक मंगल कालिंदी को जानकारी दी। विधायक ने संज्ञान में लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों से मुआवजा राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शनिवार को विधायक मंगल कालिंदी खुद मृतक के परिजनों से मुलाकात की। विधायक मंगल कालिंदी ने स्वर्गीय कलावती गोराई के पति गणेश गोराई के हाथों मुआवजा की राशि 2 लाख का चेक सौंपा। मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। मौके पर विधायक ने जर्जर 11000 वोल्ट की तार को खुद खड़े होकर दूसरी जगह पर शिफ्ट करवाया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया किसी भी स्थान से तार झूलने की शिकायत मिले तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें ताकि किसी व्यक्ति की जान जोखिम में ना पड़े। मौके पर साथ मे बिक्रम सिंह, रामु गोराई, रजत प्रसाद, जयराम गोराई, रंजीत गोराई, शिबू गोराई, अजय गोराई, बापि गोराई, सुनील गोराई, लक्की महतो, रंजन गोराई, प्रोखित गोराई, वार्ड मेंमबर देब गोराई, बिनीत जयसवाल आदि स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# चक्रधरपुर रेल मंडल में दो लोको पायलट की मौत

**ड्यूटी के दौरान ट्रेन की चपेट में आये**

**रेलवे कर्मचारियों ने कहा, दबाव में हैं कर्मचारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल में ड्यूटी पर तैनात दो लोको पायलट की मौत हो गयी है। घटना राज खरसावां रेलवे स्टेशन के यार्ड की है जहां, हावड़ा मेल ट्रेन की चपेट में ये दोनों आ गये। हादसा शुक्रवार की देर रात हुआ। शवों को पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार लोको पायलट टीके सहाना तथा सहायक लोको पायलट मो अख्तर आलम राज खरसावां रेलवे स्टेशन के यार्ड में मालगाड़ी का इंजन बदल रहे थे। इसी दौरान हावड़ा मेल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी। टीके साहाना पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा निवासी थे, जबकि सहायक लोको पायलट मो अख्तर आलम बर्नपुर के थे। अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर में पोस्टमार्टम के समय सीनियर डीपीओ हरिताश रंजन, रेलवे अस्पताल के डॉ जी सोरेन समेत लोको पायलट और अन्य कर्मी पहुंचे थे। इधर रेलवे ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिये हैं। दो लोको पायलटों की दर्दनाक मौत से चक्रधरपुर रेल मंडल के लोको पायलटों में शोक है। कर्मचारियों ने बताया कि रेल मंडल में मालगाड़ियों को चलाने का लोको पायलट को काफी दबाव है। इस कारण आये दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं।

# सूर्य मंदिर समिति के पदाधिकारियों की बैठक में मंदिर के सौंदर्यीकरण पर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति के पदाधिकारियों की प्रथम परिचयात्मक बैठक सूर्य मंदिर परिसर में अध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह के नेतृत में सम्पन्न हुई। शनिवार को बैठक में नवमनोनीत पदाधिकारियों ने एक-दूसरे के बीच संक्षिप्त परिचय व अनुभव का आदान प्रदान प्राप्त किया। बैठक में अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने की। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में सुरक्षा की दृष्टिकोण से कई नये सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं। इसके साथ ही पार्क के सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य प्रारंभ किये गये हैं। मंदिर में नियमित रूप से सामुहिक आरती करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर प्रभारी लक्ष्मीकांत सिंह, उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा, संतोष यादव, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, महामंत्री अखिलेश चौधरी, मंत्री रूबी झा, कृष्ण मोहन सिंह, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, कोषाध्यक्ष अर्धेंदू बनर्जी, मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं सह मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे।

# आदित्यपुर विद्युत नगर के समीप रेलवे लाइन किनारे मिट्टी धंसने से दो महिला की हुई मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना अंतर्गत विद्युत नगर के समीप रेलवे लाइन के किनारे मिट्टी धंसने से दो महिलाओं की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों महिला के शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गयी। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों महिला विद्युत नगर में ही किराये के मकान में रहती थी।

जानकारी लेने पर मृतक दोनों महिलाओं का नाम मंजू संवैया और टुनटुन है। दोनों घर की लिपाई के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे मिट्टी लेने गयी थीं। इसी दौरान भरभरा कर मिट्टी धंस गयी, जिसमें दोनों महिला का दब कर मौत हो गयी, जब तक राहत और बचाव कार्य शुरू होता, दोनों महिलाओं ने दम तोड़ दिया था। बताया जा रहा है कि थर्ड लाइन के लिए रेलवे द्वारा खुदाई की जा रही है। जहां मिट्टी लेने आसपास की महिलाएं जुटती हैं। शनिवार को भी दोनों महिलाएं मिट्टी लेने गयी थीं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी।

जानकारी मिलते ही आसपास बस्ती के सैकड़ों महिला व पुरुष घटनास्थल पर जुटने लगे। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद दोनों महिलाओं के परिवार में रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार वालों ने जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रही है।

# अनया कंस्ट्रक्शन के संचालक शरवन दास राज्यपाल के हाथों हुए सम्मानित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के बिस्टुपुर स्थित श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल का निर्माण अनया कंट्रक्शन के संचालक शरवन दास द्वारा किया गया। संवेदक द्वारा अस्पताल के भवन निर्माण में 35 दिन का समय निर्धारित किया गया था। अनया कंट्रक्शन के संचालक शरवन दास के सफल प्रयास से निर्धारित समय से पूर्व भवन का निर्माण कराया गया।

बीते दिन श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल का उद्घाटन सत्र में समय से पूर्व अस्पताल निर्माण के लिए झारखंड के राज्यपाल रमेश बैश के हाथों सृति चिह्न देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर सांसद विद्युत महतो, टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, सत्य साईं के प्रबंधक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर शरबन दास ने बताया समय से पूर्व एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करना ही अनया कंट्रक्शन का एकमात्र उद्देश्य है।

# कालाबाजारी और राशन कटौती पर सख्ती, लाभुक की शिकायत की पुष्टि पर होगा लाइसेंस रद्द : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा टॉउन हॉल में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव की अध्यक्षता में जुगसलाई नगर परिषद एवं मानगो नगर निगम क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक की गई। शनिवार को बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नन्दकिशोर लाल व जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त ने सभी पीडीएस डीलरों, को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सरकार द्वारा तय मात्रा में ही सभी कार्डधारियों को राशन मिले यह सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि गड़बड़ी की शिकायत मिलती है तो जांचोपरांत संबंधित डीलरों का लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उपायुक्त ने राशन के साथ अनिवार्य रूप से पर्ची भी लाभुकों को देने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा ऐसी भी शिकायत प्राप्त हो रही जिसमें तीन बार अंगूठा लगाकर दो माह का राशन दिया गया। ऐसे कार्यों से बचें, जितने माह का राशन दे रहे उतने महीने के लिए ही अंगूठा लगवायें। उपायुक्त ने बैठक से अनुपस्थित रहे 60 डीलरों को शो कॉज का निर्देश दिया गया। मानगो नगर निगम क्षेत्र में बीते 6 माह से 2031 लाभुक, बीते 12 माह से 564 लाभुक, जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में 651 लाभुक पिछले 6 माह से तथा 96 लाभुक पिछले 12 माह से राशन का उठाव नहीं कर रहें हैं।

उपायुक्त ने सभी पीडीएस डीलर को संबंधित जांच कर इसकी सूची 10 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा 10 दिनों में रिपोर्ट जमा नहीं करने पर वैसे राशन कार्डधारियों के विरुद्ध आवंटित खाद्यान्न का कालाबाजारी डीलरों के माध्यम से करने के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

मानगो नगर निगम में 143090 लोगों के नाम राशन में जुड़े हैं। जिसके विरुद्ध 2064 लोगों ने आधार उपलब्ध नहीं कराया है। वहीं जुगसलाई नगर परिषद में राशन कार्ड में 35328 सदस्यों की संख्या के विरुद्ध 228 का आधार प्राप्त नही है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि डीलर अगर उक्त निर्देशों का अनुपालन नहीं करते है, तो ऐसी स्थिति में संबंधित कार्डधारी से मिलीभगत व अनाज का बंदरबांट करने की नियत से देखा जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने सामूहिक हड़ताल पर जाने को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन



**केतार (आजाद सिपाही)।** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने दो वर्षों से प्रोत्साहन राशि भुगतान नहीं होने एवं कुछ प्रखंड कर्मियों के द्वारा बिना सेल्फी का जियो टैग करने के विरूद्ध सामूहिक हड़ताल पर जाने को लेकर बीडीओ मुकेश मछुआ को आवेदन दिया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि दो वर्षों से अधिक समय से पंचायत स्वयंसेवकों का प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिसकी वजह से स्वयंसेवकों की आर्थिक स्थिति खराब हो गयी है। अपना घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। बताते चलें कि 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के द्वारा प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य सरकारी कार्यों का ससमय निपटारा के लिए पंचायत स्वयंसेवकों की बहाली की गई थी। उन्हें प्रोत्साहन राशि बेस पर रखा गया था, पर केतार प्रखंड में दो वर्षों से अधिक समय तक का प्रोत्साहन राशि बाकी है। प्रखंड स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष राज किशोर सिंह ने बताया कि कुछ प्रखंड कर्मियों के द्वारा बिना सेल्फी का जियो टैग किया जा रहा है जो कि यह गलत है। हम सभी स्वयंसेवकों को आर्थिक संकट के साथ-साथ लाभुकों के बीच मानहानि झेलनी पर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास मे स्वयंसेवकों की भूमिका अहम होती है। इस मौके पर धीरेंद्र राम, सुनील राम, सुषमा देवी, भोला पासवान, कमलेश कुमार प्रजापति, रविकांत चंद्रवंशी, रवि कुमार सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### डंडा प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक के निधन पर समाहरणालय में शोकसभा का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राजनाथ राम प्रधान सहायक प्रखंड कार्यालय डंडा का आकस्मिक निधन हो गया। मृतक कर्मी स्व. राजनाथ राम की आत्मा की शांति हेतु शनिवार 19 नवंबर को समाहरणालय के सभाकक्ष में शोक सभा का आयोजन किया गया। उक्त शोक सभा में उपायुक्त, गढ़वा रमेश घोलप, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, सहकारिता पदाधिकारी अमिता कुमारी एवं समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। जिन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि दी।

### विहिप हित चिंतक अभियान कार्यक्रम के तहत सभी पंचायतों में चलाया जा रहा सदस्यता अभियान



**रंका (आजाद सिपाही)।** विश्व हिन्दू परिषद हित चिंतक अभियान कार्यक्रम के तहत सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और अभी तक बारह सौ लोगों को सदस्य बनाया गया है। उक्त जानकारी विहिप के रंका प्रखंड अध्यक्ष सुलपानी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान प्रखंड के चौदहों पंचायत में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ दीनानाथ प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद यादव एवं शुभम झा मौजूद थे।

### बीडीओ ने सभी बीएलओ के साथ बैठक कर की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी हिरक मन्ना केरकेट्टा के अध्यक्षता में सभी बीएलओ के साथ बैठक की गयी। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 के समीक्षा की गयी। बीडीओ ने सभी बिएलओ को निर्देश दिया कि मतदाता सूची में आधार सिडिंग तथा 80 वर्ष से उपर वाले मतदाता का स्त्यापन करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही विकलांग मतदाताओं को चिन्हित कर सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ के द्वारा नये मतदाता का नाम जोड़ने का कार्य किया जाएगा। बैठक में बीपीआरओ राकेश कुमार, अंचल अमीन जितेंद्र कुमार, बीएलओ ऋषिकेश चौधरी, दिलीप कुमार सिंह, रामराज पांडे, कमलेश यादव, रमेश ठाकुर, रुपेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, गीता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस : मेराल में चिर प्रतीक्षित सड़क निर्माण की मांग हुई पूरी**

# विषम परिस्थितियों में भी झारखंड सरकार विकास की नयी गाथा लिख रही है : मंत्री

**देवगाना बस स्टैंड से बजनवाटोला तक करीब आठ किमी सड़क निर्माण से आधा दर्जन गावों की 12 हजार आबादी होगी लाभान्वित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेराल प्रखंड के गेरुआ पंचायत का चिर प्रतिक्षित सड़क निर्माण की मांग अब पूरी हो गई है। देवगाना बस स्टैंड से बजनवाटोला तक करीब आठ किलोमीटर इस सड़क का निर्माण लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य आरंभ होगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि यह एक अति महत्वपूर्ण सड़क है, जो पूरी तरह कच्ची सड़क है। इस क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी समस्या हो रही थी। स्थानीय ग्रामीण लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों को इस सड़क का निर्माण कराने का आश्वासन दिया था जो पूरा हो गया है। मंत्री ने बताया कि देवगाना बस स्टैंड से लेकर बिछियादामर, यूरिया टोला, करियई जरही, गेरुआडीह होते हुए बजनवाटोला तक करीब 8.1 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से गेरुआ पंचायत का हर टोला सहित अन्य सीमावर्ती पंचायतों की लगभग आधा दर्जन गांवों की 12 हजार से अधिक की आबादी लाभान्वित होगी। यह सड़क स्थानीय लोगों को एक नयी जीवन रेखा प्रदान करेगी। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के हर गांव, हर टोले को पक्की सड़क से जोड़ने का संकल्प आगमी कुछ वर्षों में जल्द ही पूरा होगा। मंत्री ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी झारखंड सरकार विकास की नयी गाथा लिख रही है।

## अभाविप ने इंटर कॉलेज में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती नारी शक्ति दिवस के रूप में मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा जिला इकाई द्वारा स्थानीय गोपीनाथ सिंह इंटर कॉलेज, सुखबाना में रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती को नारी शक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी कंचन जयसवाल, विश्वविद्यालय सह संयोजक निशांत चतुर्वेदी, नगर छात्रा प्रमुख किरण कुमारी, प्राचार्य आनंद कुमार यादव मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी कंचन जयसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और विद्यार्थी परिषद समय-समय पर भिन्न भिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रमों को आयोजित कर छात्राओं की प्रतिभा को निखारने का और उन्हें एक मंच देने का शानदार प्रयत्न करता है और इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। विश्वविद्यालय सह संयोजक निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि आज के वर्तमान दौर में लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। हम सभी को रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कार्य को करने की आवश्यकता है और विद्यार्थी परिषद इस दिशा में छात्राओं के साथ मिलकर मिशन साहसी सहित कई प्रकार के कार्यक्रमों के साथ सकारात्मक प्रयत्न कर रहा है। नगर छात्रा प्रमुख किरण कुमारी ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई का जीवन संघर्षों से भरा रहा और उनका संघर्ष ही हमें प्रेरित करता रहता है आज की छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई के बारे में अधिक से अधिक पढ़ने और जानने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन नगर सह मंत्री अखिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संयोजक मंजुल शुक्ल, समाजसेवी विनोद जयसवाल, शशांक चौबे, शुभम तिवारी, रेणु कुमारी, प्रियंका सिंह, अर्चना कुमारी, आरती, स्वाति, मानसी, काजल, राखी, किरण, मीना, महाविद्यालय के शिक्षक सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कुष्ठ अभिशाप नहीं, इसे ठीक किया जा सकता है : डॉ कमलेश कुमार

**राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चिकित्सा पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के चिकित्सा पदाधिकारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ कौशल सहगल ने दीप प्रज्जवलित करके की। मुख्य प्रशिक्षक कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के स्टेट कोआर्डिनेटर डॉ सिद्धार्थ विश्वाल व डॉक्टर काशीनाथ चक्रवर्ती थे। पहले दिन कुष्ठ रोग की पहचान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि कुष्ठ रोग को जल्दी पहचान कर दवा प्रारंभ कर देने से कुष्ठ रोगी को विकलांगता से बचाया जा सकता है। दूसरे दिन कुष्ठ रोगियों की दवा, रिएक्शन, रोग का प्रकार और सेल्फ केयर का प्रशिक्षण दिया गया। जिला कुष्ठ निवारण परामर्शी डॉ भारत भूषण ने गढ़वा जिले में वर्तमान रोगियों की संख्या प्रीवैलेंस रेट के बारे में बताया।

जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय के कार्य चिकित्सक अभिषेक सिंह ने रोगी के निर्विएस्टमेंट एंड टेस्ट के बारे में जानकारी दी तथा जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार ने कहा कि समाज से कुष्ठ को मिटाने के लिए सब को जागरूक होना होगा तथा यथाशीघ्र कुष्ठ रोगी की खोज कर उसका इलाज एमडीटी द्वारा प्रारंभ करना है। यह बीमारी एमडीटी द्वारा पूरी तरह से ठीक हो जाती है तथा जिस भी रोगी को हाथ पैर में या आंखों में दिव्यांगता है, उनकी दिव्यांगता फिजियोथैरेपी एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के द्वारा ठीक किया जा सकता है, जो की पूरी तरह निशुल्क है।

मौके पर डॉ कुलदेव चौधरी, डॉक्टर नादिया तहसीन, डॉ विशाल, डॉ अनिल साहू, डॉक्टर कुमुद रंजन, डॉक्टर कुलदेव चौधरी, डॉक्टर वीर प्रताप डॉ गौरव विक्रम उपस्थित थे।

### मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण, अधिकतर मिले बंद

**केतार (आजाद सिपाही)।** मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने अपने पंचायत अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान चार आंगनबाड़ी आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिले। बंद आगनबाड़ी केंद्रों में मायर आंगनबाड़ी केंद्र, बक्शीपुर आंगनबाड़ी केंद्र, ताली आंगनबाड़ी केंद्र एवं परसोडीह आंगनबाड़ी केंद्र के नाम शामिल हैं। मुखिया मूंगा साह ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि सबसे बुरा हाल आंगनबाड़ी केंद्रों का है। इनमें से ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्र सेविका के घर में ही चलते हैं। जिसके कारण बच्चे सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह रहे हैं। इस संबंध पर्यवेक्षिका चिंता कुमारी ने बताया कि केंद्र बंद रखना गलत है। बंद पाये गये आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीडीओ मुकेश मछुआ ने स्पष्टीकरण पूछने के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।

### जिला कांग्रेस ने स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर जयंती समारोह मनाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रंका मोड़ पर अवस्थित देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर सभी कांग्रेस जनों ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं जयंती समारोह मनाया गया। मौके पर वक्ताओं ने उनके द्वारा राष्ट्र के प्रति किये गये उत्कृष्ट कार्यों, योगदान एवं बलिदान पर प्रकाश डाला और उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अरविंद कुमार तूफानी, प्रदेश प्रतिनिधि श्रीकांत तिवारी, प्रदेश प्रतिनिधि अलख निरंजन चौबे, रामवृक्ष यादव, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत कमल, प्रखंड अध्यक्ष उगेन्द्र चौबे, मझियांव प्रखंड अध्यक्ष आनंद यादव, केतार प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता, संजय सिंह खेरवार, शंभु राम, दिवाकर चौबे लोकतंत्र, बृजेश तिवारी उपस्थित थे।

## राजद के रंका प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी ने झामुमो का दामन थामा

**रांची में आयोजित सम्मेलन में मंत्री मिथिलेश ने माला पहनाकर पार्टी में कराया शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** राष्ट्रीय जनता दल के रंका प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी ने रांची के मैथुन मैरेज हॉल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। जैनुल्लाह अंसारी को गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज कुमार ठाकुर, रंका बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, उत्तरी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र नाथ तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, युवा सचिव पप्पू यादव, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी तिवारी, कंचनपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी उर्फ बबलू, श्याम लाल यादव, लवली उरांव, रामप्रताप यादव, राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**कार्यालय महाप्रबंधक**
**जिला उद्योग केन्द्र,हजारीबाग**

**सूचना**

सरकार के संयुक्त सचिव उद्योग विभाग झारखंड रॉची के स्वीकृत्यादेश संख्या 30 दिनांक 18.08.2022 के आलोक में हस्तशिल्प संसाधन सह विकास केन्द्र,हजारीबाग के लिए स्वीकृत एप्लिक,टाई–डाई एवं बेंत–बॉस ट्रेड में 02 माह (50 कार्यदिवस) के सफल प्रशिक्षण संचालन के लिए ट्रेनर एवं कॉर्डिनेटर के पद पर चयन हेतु योग्य अभ्यर्थी जो संबंधित ट्रेड में प्रशिक्षित एवं अनुभवी हो से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

निर्धारित न्यूनतम अर्हता:–

1 आवेदक/आवेदिका संबंधित ट्रेड में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षित हो।

2 मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा संचालित प्रशिक्षण में ट्रेनर/कॉर्डिनेटर के रूप में कार्य करने का अनुभव हो।

3 न्युनतम उम्र दिनांक 01.04.2022 को 18 वर्ष हो।

4 इच्छुक अभ्यर्थी 1. आधार कार्ड/आवासीय प्रमाण पत्र 2.प्रशिक्षण प्रमाण पत्र 3. अनुभव प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ दिनांक 24.11.2022 तक अपना आवेदन हस्तशिल्प संसाधन सह विकास केन्द्र,हजारीबाग में जमा कर सकते है। स–समय प्राप्त आवेदन पत्र वाले अभ्यर्थी का साक्षात्कार चयन समिति के द्वारा दिनांक 25.11.2022 को हस्तशिल्प संसाधन सह विकास केन्द्र,हजारीबाग में 11.00 बजे पूर्वा0 से होगा।

नोट:–आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र हस्तशिल्प संसाधन सह विकास केन्द्र,हजारीबाग से प्राप्त किया जा सकता है। पुर्व में कार्य कर चुके अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।साक्षात्कार के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

महाप्रबंधक
जिला उद्योग केन्द्र,हजारीबाग

PR 282763 Industries(22-23).D

**बैठक : जिला भाजपा की बैठक में की गयी प्रखंड स्तर पर हुए कार्यक्रमों की समीक्षा**

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक आक्रोश प्रदर्शन 23 को

**भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा : ओमप्रकाश केशरी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने की। कार्यक्रम की शरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गयी।

बैठक के दौरान प्रखंड स्तर पर किये गये आंदोलन कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। आगामी जिला मुख्यालय पर होने वाले आक्रोश प्रदर्शन आंदोलन को लेकर सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री को निर्देशित किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा गढ़वा जिला मुख्यालय पर 23 नवंबर को ऐतिहासिक आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम करेगी। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में जनता त्राहि त्राहि कर रही है चारों तरफ लूट मचा हुआ है। राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। जबसे झामुमो सरकार बनी है गढ़वा पूरी तरह से माफिया के चंगुल में फंस चुका है। झामुमो सरकार बालू, कोयला, वन संपदा जैसे अनेकों खनिज संपदा का दोहन कर रही है। अवैध खनिज संपदा दूसरे राज्यों में तेजी से जा रहा है। उन्होंने कहा कि हद तब हो गई जब बालू माफिया अफसर को गाड़ी से कुचलने का प्रयास करने लगे हैं। आखिर सरकार क्या कर रही है। जब जनता अफसर कोई सुरक्षित नहीं है तो फिर ऐसी निकम्मी सरकार में कोई खुद को सुरक्षित कैसे मान सकता है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गढ़वा जिला से गुण्डाराज माफिया राज को खत्म करने के लिए संकल्पित हो चुके हैं। भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पाण्डेय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को झारखंड के हित में फिर से संघर्ष करना होगा। भाजपा नेता जवाहर पासवान ने कहा कि भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को हर घर से लोगों को निकाल कर प्रदर्शन तक लाना होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे ने किया।

बैठक में पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, राजीव रंजन तिवारी, जिला मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर, प्रसाद महतो, स्वाति तिर्की, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र पाठक, जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दुबे, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, उदय कुशवाहा, बलजीत सोनी, अखिलेश तिवारी, पार्वती सिंह, योगेन्द्र मेहता, कुमार कनिष्क, अवध बिहारी गुप्ता, बजरंग प्रसाद, संध्याकर विश्वकर्मा, राजेश सिंह, शिवनारायण चंद्रा राजेश्वर, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, मनोज जायसवाल, सुप्रित केशरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

**झारखण्ड सरकार**
**अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा**
**गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**e.mail- simdega.jail@gmail.com,**

**ई0–निविदा सूचना**
**(अल्पकालीन निविदा)**

1. कारा का नाम :– मंडल कारा, सिमडेगा।
2. विषय :– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यानों, हरी सब्जी, आलू, फल, दूध एवं अन्य विभिन्न खाद्य सामग्रियों (सामान्य शाखा) के निमित्त ई0निविदा का आमंत्रण:–प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2023 से 31.03.2023 तक के लिए
3. निविदा प्रपत्र मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से त्रैमासिक अवधि हेतु बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक मंडल कारा, सिमडेगा के पदनाम से देय होगा जो निम्न प्रकार है।

I. 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
II. 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
III. 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।

4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि– 26.11.2022 को 10 बजे पूर्वाहन से 07.12.2022 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
5. Online निविदा डालने (जमा करने) की तिथि– 26.11.2022 को 10 बजे पूर्वाहन से 07.12.2022 के अपराह्न 04.00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6. Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक– 08.12.2022 पूर्वाह्न .10.00 बजे से 10.12.2022 को अपराह्न 04.00बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान–12.12.2022 को अपराहन 01.00 बजे मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता, सिमडेगा की उपस्थिति में प्राप्त original copy एवं नमूना (Sample) को खोला जाएगा।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website- www.jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

–ह0–
अधीक्षक,
मंडल कारा, सिमडेगा

PR 282775 Prison(22-23).D

## डीसी ने पलामू में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

# दो बीपीओ को शो-कॉज और दो आंगनबाड़ी सेविका को किया बर्खास्त

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने शनिवार को सभी बीडीओ व जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान सभी बीपीओ को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने की बात कही। इसी क्रम में फील्ड विजिट नहीं करने व योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही



बरतने को लेकर सतबरवा के बीपीओ व विश्रामपुर के बीपीओ से स्पष्टीकरण पूछा गया साथ ही आवास में अपेक्षा पूर्ण प्रगति नहीं करने को लेकर सतबरवा के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को भी शोकॉज किया गया।

**पांकी में लंबे समय से गायब थी आंगनवाड़ी सेविका,उपायुक्त ने बर्खास्तगी के दिए निर्देश**

आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा के दौरान डीसी को बताया गया कि पांकी में एक आंगनवाड़ी सेविका लंबे समय से अनधिकृत रूप से बगैर सूचना दिए अनुपस्थित है इसी तरह पाटन के हिसरा बरवाडीह की सेविका के संबंध में बताया कि उक्त सेविका द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन ठीक से नहीं किया जा रहा है दोनों ही मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने दोनों आंगनवाड़ी सेविकाओं को बर्खास्त करने के निर्देश दिया। इसी तरह उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं बीडीओ को अपने क्षेत्र के शिक्षकों के साथ मीटिंग करने की बात कही। इसी क्रम में उन्होंने फर्जी राशन कार्ड धारियों पर कार्रवाई के लिये जिला आपूर्ति पदाधिकारी को व फर्जी पेंशनधारियों पर कार्रवाई हेतु सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को निर्देशित किया। इसी तरह डीसी ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सभी प्रकार के छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर डीडीसी मेघा भारद्वाज, प्रशिक्षु आईएएस विसपुते श्रीकांत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 24 घंटे बीत जाने के बाद भी क्रशर संचालक का कोई सुराग नहीं मिला

**पांडू (आजाद सिपाही)।** अपहृत अनिल गुप्ता का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने गुरुवार से ही कई ठिकानों पर सर्च किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। कोई सुराग नहीं मिलने से पुलिस की सर दर्द और बढ़ गयी है। मालूम हो कि शुक्रवार को दिन के करीब एक बजे मुसीखाप रोड में स्थित क्रशर से अनिल गुप्ता को कार सवार अपराधियों ने अगवा कर लिया था, उसके बाद से अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अनिल गुप्ता के पास दो मोबाइल रहता था। एक मोबाइल जिसका नंबर – 9631473349 जो अपराधियों के धक्का – मुक्की करने में क्रशर पर गिर गया था, जिसे परिजनों ले लिया है। दूसरा मोबाइल – 9708660932 जो अनिल के साथ है। वह घटना के बाद से बंद बता रहा है।



## जयशंकर बने एके सिंह कॉलेज के शिक्षक प्रतिनिधि



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रो डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो सूर्यमणि सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में निर्वाचन पदाधिकारी प्रो डॉ अजय कुमार सिंह ने शांतिपूर्वक संपन्न कराया। शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव प्रो जयशंकर प्रसाद सिंह एवं प्रो शशिभूषण सिंह के बीच लडा गया, जिसमें प्रो जयशंकर प्रसाद सिंह चुनाव जीत गये। मौके पर प्राचार्य सूर्यमणि सिंह,कालेज के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह एवम निर्वाचन पदाधिकारी प्रो डॉ अजय कुमार सिंह ने विजयी प्रत्याशी प्रो जय शंकर सिंह को जीत का प्रमाण पत्र एवं बधाई दी और आशा व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में कॉलेज के विकास के साथ–साथ कर्मचारियों की समस्याओं का निदान होगा। मौके पर एकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह एवं प्रो अशोक कुमार देव उपस्थित थे। महाविद्यालय के सचिव रौनक सिंह एवं अन्य पदाधिकारीगण ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## निगम को आदर्श क्षेत्र बनाया जायेगा : मनोज सिंह

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र को स्पेशल पैकेज देकर आदर्श क्षेत्र के रुप में विकसित किया जाएगा। उक्त बातें भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही । श्री सिंह शनिवार को चैनपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 में घर घर यात्रा के तहत जनसंपर्क में जनता से सिधे रुबरु हो रहे थे। श्री सिंह ने इस दौरान बताया कि नगर निगम के जो भी क्षेत्र नए जूडे. है उन क्षेत्रों को उपेक्षित छोड़ दिया गया है और यह परिदृश्य पूरे नए क्षेत्रों में देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जबकि इन क्षेत्रों में स्पेशल योजना चलाकर बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इसीलिए वो बार बार बूनियादी समस्याओं को दूर करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में पानी



निकसी व पेयजल संकट वृहद स्तर पर देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जनमत दिया तो सबसे पहले बुनियादी समस्याओं के निराकरण करने की पहल की जाएगी। घर घर यात्रा में अलाहुंदीन, राजू, डबलू, सदाम, नजीर हुसैन, हाजी सन्हौला, माफुज आलम, जावेद अख्तर, समशेर व वारिश अकरम समेत काफी संख्या में वार्ड वासी शामिल थे।

## अवैध रूप से भंडारित बालू की हुई नीलामी

**पलामू (आजाद सिपाही)।** अवैध रूप से विभिन्न थानों में छापेमारी के दौरान पकड़े गए 18 हजार घनफुट अवैध बालू की नीलामी को लेकर समारहणालय सभागार में उप विकास बैठक आयोजित की गयी. नीलामी में उंटारी रोड स्थित अस्पताल के समीप लगभग 6 हजार एवं बड़कागांव फूलवार घाट मेदिनीनगर 12 हजार घनफुट बालू के लिए कुल सात संवेदकों ने भाग लिया. इसमें संवदेक शिव कुमार प्रसाद ने उंटारी रोड स्थित अस्पताल के 6 हजार घनफुट की बालू 2 लाख दस हजार एव बड़कागांव घाट के लगभग 12 घनफुट बालू को 2 लाख तीस हजार की अधीकतम बोली लगाया. इसके बाद प्रशासन के द्वारा शिव कुमार प्रसाद को बालू देने की स्वीकृति दी गयी. मौके पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार समेत पदाधिकारी संवेदक मौजूद थे. बताते चलें कि 5 नवंबर को भी लगभग 9 लाख 50 हजार की बालू की नीलामी की गयी थी.

## स्व. हरिहर सिंह की प्रतिमा पुनर्स्थापना का विधायक ने किया शिलान्यास

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर हुसैनाबाद के पूर्व विधायक स्व. हरिहर सिंह की प्रतिमा के स्थानांतरण को लेकर बनी पुनर्स्थापना समिति ने विधायक कमलेश कुमार सिंह से वार्ता के उपरांत प्रखंड परिसर हुसैनाबाद परिसर में प्रतिमा के पुनर्स्थापना को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार के नजदीक प्रतिमा स्थापना को लेकर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शिलान्यास किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर नेता रघुराइ यादव ने की। संचालन 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की। मौके पर विधायक



कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि स्व हरिहर सिंह का व्यक्तित्व आदर्शवादी था। वह समाज के सभी लोगों में प्रिय रहे। यही वजह है कि उनकी प्रतिमा स्थापना के इस कार्यक्रम में सभी दल सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हरिहर बाबू के आदर्शो पर चलकर ही बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने हरिहर बाबू का नमन किया व उन्हे श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर देवेंद्र प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, मनान खान, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, भुनेश प्रसाद सिंह, पंचायत समिति सदस्य बद्री सिंह, अश्विनी सिंह,चंदन सिंह, टुन्ना सिंह,विनय पासवान,सुशील कुमार सिंह,भोला सिंह,मंदीप राम,बुधन राम,धनंजय सिंह, विजय राजवंशी, राजकुमार ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद नपं के वार्ड-2 के पार्षद सोनी देवी ने किया कंबल का वितरण

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड 2 की पार्षद सोनी देवी व पार्षद पति संतोष शर्मा ने शनिवार को वार्ड क्षेत्र के गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर वार्ड पार्षद सोनी देवी ने बताया कि ठंड के मौसम में गरीब व असहाय को थोड़ी राहत मिले इस उद्देश्य के तहत कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। इस मौके पर दर्जनों वृद्ध व असहाय मौजूद थे। सभी को कंबल दिया गया। वार्ड सदस्य ने बताया कि नगर पंचायत वार्ड के गरीब असहाय के प्रति संवेदनशील है। पूरे वार्ड क्षेत्र में इसका वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। मौके पर लाभुक अजय सिंह,चंद्रावती देवी,सरस्वती देवी,कौशल्या देवी,कलावती देवी,उत्तम देवी,अंकिता विश्वकर्मा,लालो देवी,मुन्ना कुमार,सावित्री देवी,देवंती कुंवर,रामचंद्र विश्वकर्मा, शांति कुंवर,रजिया देवी,बेबी कुमारी सहित दर्जनों वार्ड वासी उपस्थित थे।



## विद्यार्थी परिषद ने रानी लक्ष्मीबाई जयंती को स्त्री शक्ति दिवस के रूप में मनाया

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद पलामू जिला इकाई द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की जयंती को स्त्री शक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग छात्र प्रमुख दीक्षा कुमारी एवं संचालन गीतांजलि कुमारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश की प्रदेश छात्रा सह प्रमुख स्नेहा गुप्ता ने कहा कि आज के वर्तमान दौर में लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं हम सभी को रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कार्य को करने की आवश्यकता है। विद्यार्थी परिषद इस दिशा में छात्राओं के साथ मिलकर मिशन साहसी सहित कई प्रकार के कार्यक्रमों के साथ सकारात्मक प्रयत्न कर रहा है। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के प्राचार्य राणा प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और विद्यार्थी परिषद समय–समय पर भिन्न भिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रमों को आयोजित कर छात्राओं के प्रतिभा को निखारने का और उन्हें एक मंच देने का शानदार प्रयत्न करता है और इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा सिंह ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई का जीवन संघर्षों से भरा रहा और उनका संघर्ष ही हमें प्रेरित करता रहता है आज के छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई के बारे में अधिक से अधिक पढ़ने और जानने की आवश्यकता है। प्रकाश राय ने रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर प्रकाश डाला और छात्राओं को कहा कि आप सबों को रानी लक्ष्मीबाई जैसे शौर्य और धैर्य को धारण कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन नगर सह मंत्री नीतीश दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रमुख आनंद पांडे,जिला एसएफडी सहसंयोजक सुमित पाठक,गीतांजलि कुमारी,रिया सिंह, नगर कोचिंग सहयोग प्रकाश पांडे, अंकिता सिंह, विक्की पांडे, प्रीती कुमारी सहित सैकड़ों छात्र–छात्रा उपस्थित रहे।



## पलामू डीसी ने राइस मिल संचालकों के साथ की बैठक

# हर हाल में एक सप्ताह के भीतर सीएमआर जमा करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

- **हैदरनगर, राजहरा एवं पतरा के पैक्स अध्यक्ष पर हुआ एफआईआर**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने शनिवार को सभी राइस मिलरों के साथ बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में डीसी ने खरीफ विपणन मौसम 2021-22 अंतर्गतधान अधिप्राप्ति योजना के तहत राइस मिलरों से भारतीय खाद्य निगम के डीपो में सीएमआर सुपुर्द किए जाने की समीक्षा की गयी। इस दौरान बताया गया कि धान अधिप्राप्ति योजना के तहत पक्सों से धान उठाव किए जाने एवं सीएमआर जमा किये जाने हेतु कुल 14 राइस मिलरों को टैगिंग किया गया है। पलामू जिला अंतर्गत सभी



पैक्सों से राइस मिलर के द्वारा 6 लाख 55 हजार 609 क्विंटल 35 किलोग्राम धान का उठाव किया गया है जिसके विरुद्ध राइस मिलरों से 1537 लॉट सीएमआर जमा करने का लक्ष्य निर्धारित है। ऑनलाइन इ-उपार्जन पोर्टल के अनुसार अबतक 1295 लॉट सीएमआर राइस मिलरों द्वारा भारतीय खाद्य निगम के डिपो में जमा कर दिया गया है। 242 लॉट सीएमआर जमा किये जाने हेतु शेष बचा हुआ है। उक्त वित्त वर्ष अंतर्गत शत-प्रतिशत सीएमआर जमा किए जाने के लिए अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022 तक ही निर्धारित है। भारतीय खाद्य निगम के पास कुल 32 लॉट सीएमआर स्वीकृत किए जाने हेतु पेंडिंग है। बैठक में भारतीय खाद्य निगम के प्रतिनिधि की उपस्थिति नहीं रहने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उपायुक्त ने सभी राइस मिलरों को एक सप्ताह के भीतर शेष सीएमआर जमा करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**हैदरनगर, राजहरा, एवं पतरा के पैक्स अध्यक्ष पर हुआ एफआईआर**

धान अधिप्राप्ति योजना के तहत हैदरनगर, राजहरा, एवं पतरा पैक्स के संचालक द्वारा किसानों से क्रय किये गये धान को शत-प्रतिशत राइस मिल में जमा नहीं किए जाने के कारण उनके विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावे 5 पैक्स के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दर्ज किया गया है। बैठक में उपायुक्त के अलावा जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्वनी ओझा, समेत सभी राइस मिलर उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आग रहित पाक कला का आयोजन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में आग रहित पकवान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम व द्वितीय कक्षा के छात्र छात्राओं ने उत्साहित होकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु विद्यालय के प्राचार्य डां एके सिंह ने कहा कि बच्चों को अतिरिक्त गतिविधि के रुप में आग रहित पाक कला सर्वोत्तम उपाय है जिसमें कौशल के साथ-साथ समय का सदुपयोग निहित है। सामान्य कौशल से परे आग रहित उपयोगी खाना पकाने से बच्चों की संलिप्तता, समय व इंधन की बचत तथा क्रियात्मक गतिविधियों में वृद्धि होती है। आग रहित कुकिंग के द्वारा बच्चे, गृहिणी माताओं से अप्रत्यक्ष रुप से भी जुड़ेगी। यह कला बहुत ही लाभकारी सहायक हो सकती है। ऐसे आयोजन द्वारा बच्चों में स्वच्छता, पाक कला के प्रति अभिरुचि, बाह्य भोज्य पदार्थों से दूरी एवं घरेलू भोज्य पदार्थों के प्रति अभिरुचि जैसे विभिन्न गुणों को संवर्धित करती है। बच्चों द्वारा हस्तकला कौशल के रुप में सैपकैप का निर्माण भी आकर्षण का केन्द्र रहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस प्रकार मार्गदर्शन करने में हमारे शिक्षकों और पालकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बच्चों के हाथों से बनाई झालमुड़ी, चना - बादाम मिश्रण जैसे कई महत्वपूर्ण खाद्य सामग्रियाँ तैयार की गई। ये सारे रेसिपी बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इन सारी रेसिपियों का बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी आनन्द लिए।



## नप की पूर्व अध्यक्ष पूनम सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम चुनावी घोषणा से पूर्व चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेन कर रहे हैं। शनिवार को निगम के महापौर की भावी प्रत्याशी पूनम सिंह ने चैनपुर के कई इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कश्यप मोहल्ला और सोनार मोहल्ला के लोगों में वर्तमान जनप्रतिधि से काफी नाराजगी दिखी। मेयर के भावी प्रत्याशी पूनम सिंह को मोहल्ले के लोगों ने सड़क, नाली और गंदगी के लगे अंबार को दिखाया। लोगों ने बताया कि हमारे साथ केवल छल किया गया है निगम बनने के बाद स्थिति और बदत्तर हो गई है। ना तो नाली की सफाई कभी होती है जिसके चलते नाली का पानी सड़कों पर बहने लगता है और लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।लोगों ने निगम के भावी प्रत्याशी पूनम सिंह को सड़क दिखाते हुए सड़क की दुर्दशा पर कई बातें बताएं जिस पर पूनम सिंह ने कहा कि नगर निगम को नरक निगम बना दिया है। पूनम सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा कि आपका आशीर्वाद मिला तो जल्द ही समस्याओं से निजात दिलाने का काम करूंगी। इस जनसंपर्क अभियान में पूनम सिंह के साथ नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी जीवन प्रसाद सिंह,संजय पांडे,गुड्डू विश्वकर्मा,अमृत चौधरी, रौनक सिंह, ज्योति कुमारी, जितेंद्र सिंह, राकेश पासवान, विक्की चंद्रवंशी,सुनील सोनी,रामानन्द साव आदि लोग उपस्थित थे।



## स्पोर्ट्स



एफआइएच हॉकी विश्व कप के लिए हमारी तैयारी सही रास्ते पर : सुमित

# 22वें झारखंड स्टेट पारा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का शुभारंभ

**रांची (आजाद सिपाही)।** पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड एवं एमपीएल के संयुक्त तत्वधान में आयोजित 22वां झारखंड स्टेट पारा एथलिटिक्स चैम्पियनशीप का उद्घाटन शनिवार को यहां सेवानिवृत आईएएस एवं पैरालंपिक कमेटी के अध्यक्ष शशिरंजन सिंह, सेवानिवृत आईएएस एवं कमेटी के उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्त एवं एमपीएल अधिकारी अजय कुमार ने संयुक्त रुप से किया। आईआईटी आईएसएम ग्राउंड धनबाद में आयोजित इस चैम्पियनशीप में राज्यभर से आए लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। दीप प्रज्वलित एवं राष्ट्रगान के बाद कमेटी एवं एमपीएल के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर खेल का शुभारंभ किया। बच्चों ने एथलेटिक्स इभेंट से जुडे खेल यथा लांग जंप, हाई जंप, दौड,शाँर्टपुट ,डिसकस आदि विविध खेलों का बेहतरीन प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। रोमांचक खेल के दौरान खिलाड़ी अंत-अंत तक जीत की जद्दोजहद में लगे रहे। कही से नहीं लगा कि यह समान बच्चों का खेल नहीं है। सभी ने खेल का भरपूर लुत्फ उठाया। शाँटपुट में मोहम्मद आजाद प्रथम, डिसकस में आकाश कुमार सिंह प्रथम, लाँग जंप में अनिश शेख प्रथम स्थान पर रहे। जबकि 100 ,200 एवं 400 मीटर दौड में क्रमशः साहेब अंसारी, रोहित कुमार मिश्रा एवं आनंद महतो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमपीएल के सीईओ श्री विजयंत रंजन ने अपने संदेश में खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि



इसमें एकजुट होने की अंतर्निहित शक्ति है। खेल लोगों को एक दूसरे से जोड़ता है तथा टीम की भावना विकसित होती है। श्री रंजन ने कहा विशेष बच्चे जीवन के हर क्षेत्र में अच्छा कर रहे हैं, बस उनके साथ अपनों की भावना विकसित करने और प्रोत्साहित करते रहने की जरूरत है। सेवानिवृत्त आईएएस एवं पेरालिंपिक कमिटी के अध्यक्ष शशि रंजन सिंह ने कहा कि पारालंपिक गेम्स का अलग महत्व है। पूरे प्रदेश में इस खेल को क्रियाशील करना है। इसमें समाज के सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में एमपीएल के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की और कमेटी की ओर से एमपीएल को धन्यवाद देते हुए कृतज्ञता अर्पित किया। सेवानिवृत्त आईएएस एवं कमेटी के उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्त ने कहा कि राज्य के हर जिले में इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कराने की योजना है। उन्होंने एमपीएल एवं आईटीआई आईएसएम के प्रति आभार प्रकट किया तथा सफल आयोजन के लिए कमेटी,खिलाड़ी एवं अभिभावकों की ओर से एमपीएल द्वारा प्रद्त सहायता के लिए धन्यवाद दिया। कहा इस तरह का सहयोग समाज के सभी वर्ग से अपेक्षित है। एमपीएल अधिकारी अजय कुमार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विशेष बच्चों की हौसला आफजाई की और कहा कि ये बच्चे किसी से कम नहीं है। इनमें जोश और जज्बे की कोई कमी नहीं है। कमेटी की ओर एमपीएल अधिकारी अजय कुमार एवं रश्मि लकरा को सम्मानित किया गया। आईआईटी आईएसएम के उपनिदेशक श्री धीरज कुमार, पीके राय काँलेज के सहायक प्रध्यापक दृष्टिहिन श्री गिरिश शांडिल्य , जिला खेल पदाधिकारी दिलिप कुमार ने कार्यक्रम में पहुंचकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई। कमेटी के सीईओ सुनील कुमार विश्वास, खेल निर्देशक सुगंध नारायण प्रसाद, स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, वित्त प्रबंधक विवेक राज ,संदीप कुमार भी उपस्थित थे। इस खेल प्रतियोगिता में पहला कदम स्कूल की संचालिका अनिता अग्रवाल के नेतृत्व में बच्चों ने भी भाग लिया। बाहर से आए बच्चों के ठहरने की व्यवस्था स्कूल प्रांगण में करायी गयी थी। उक्त जानकारी पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने दी।

## डीसी का निर्देश स्वागत योग्य : सतीश



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के डीसी द्वारा क्रेशर व मांईस संचालको के दर्द को समझते हुए की गयी पहल को पलामू मांईस व क्रेशर एशोसिएशन के अध्यक्ष सतीश तिवारी ने स्वागत योग्य कदम बताया है। श्री तिवारी ने कहा कि खनन विभाग के पदाधिकारियों व जिला पदाधिकारी के सहयोग से ही खनन व माइनिंग का कार्य संभव है। उन्होंने कहा कि खनन व माइनिंग एक दूसरे के पूरक हैं और इनमें से एक के भी प्रभावित होने पर विकास योजनाओं पर सिधे प्रभाव पड़ता है।श्री तिवारी पांडू के छोटे क्रशर व्यवसायी अनिल गुप्ता के अपहरण की निंदा करते हुए सुरक्षा की मांग की है।उन्होंने कहा की छतरपुर के लठेया का रहने वाला अनील गुप्ता कजरू खुर्द में रहकर अपने मामा रामवृक्ष गुप्ता का क्रशर करीब दस साल से चलाता था। और छोटे स्तर का व्यवसायी है। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे उक्त व्यवसायी का अपहरण कर लिया गया है।उन्होंने जिला प्रशासन से उक्त व्यवसायी की सुरक्षित रिहाई की मांग की है।

## पेटरवार के फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में राज्यपाल रमेश बैस को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस शनिवार को कुछ समय के लिए पेटरवार स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में ठहरे थे। वे देवघर यात्रा के दौरान यहां कुछ समय के लिए रूके थे। जहां डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी चंदन झा समेत अन्य वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पूर्व डीसी कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक चंदन झा ने पुष्प गुच्छ देकर राज्यपाल का स्वागत किया। इस मौके पर जिला व अनुमंडल स्तर के कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गोमिया में मनायी गयी स्व इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती



गोमिया (आजाद सिपाही)। कांग्रेस ने पार्टी कार्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय, जिला महासचिव किशुन रविदास सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी अपने कार्यों के कारण आयरन लेडी के नाम से जानी जाती थी। भारत को पूरी दुनिया में एक सशक्त राष्ट्र के रूप में पहचान दिलाई। देश के गरीबी उन्मूलन में उनका अहम योगदान था। बैंक सहित कोयला उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर देश का सर्वांगीण विकास में सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को अछुन्न बनाए रखने के लिए अपनी शहादत तक दे दी। इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रखंड अध्यक्ष उर्मिला देवी, अंजनी त्रिपाठी, कैलाश सिंह, अभय सिन्हा, मुकेश यादव, अंजनी त्रिपाठी, रेनू बाला, फिरोज, मुन्ना अंसारी, सुरेंद्र, सनोवर, कृष्णा, मंटू यादव प्रवीण कुमार, दिलीप शाह, अशोक यादव, राजकुमार भुइयां और बसंत आदि मौजूद थे।

## बीएसएल में प्रेरणा बिजनेस एवं मैनेजमेंट क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



बोकारो (आजाद सिपाही)। इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में प्रेरणा बिजनेस एवं मैनेजमेंट क्विज- 2022 का आयोजन दो सत्रों में किया गया। इसमें अधिकारियों के लिए आयोजित क्विज के प्रथम सत्र में अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) चितरंजन महापात्रा मुख्य अतिथि रहे। प्रथम सत्र में मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी) मनीष जलोटा सहित 23 टीमों के सदस्य उपस्थित थे। क्विज प्रतियोगिता चार राउंड में किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर वरीय प्रबंधक (एसआईजीएस) आनंद राज एवं सहायक महाप्रबंधक (जीयू) एसडब्ल्यू किसपोट्टा, द्वितीय स्थान पर प्रबंधक (इआरएस) शुभम वर्मा एवं प्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) आरआर पंडा और तृतीय स्थान पर सहायक महाप्रबंधक (आरएमपी) फजल महमूद एवं सहायक महाप्रबंधक (कॉन्ट्रैक्ट सेल) आरके गुप्ता की टीम रही। क्विज मास्टर के रूप में महाप्रबंधक (एचआरडी) नीता बा का अहम रोल रहा। वहीं, क्विज प्रतियोगिता के दूसरे सत्र में कर्मियों की 21 टीमों ने भाग लिया। इस सत्र के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवाएं) बीएस पोपली रहे। चार चक्रों में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ओसीटी (डीएनडब्ल्यू) के दुर्गा प्रसाद और नयन चक्रवर्ती रहे। दूसरे स्थान पर सीनियर ऑपरेटर कम टेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकोम) शिवेंद्र कुमार और ऑपरेटर (ईटीएल) प्रियंक राज व तीसरे स्थान पर ओसीटी (हॉट स्ट्रिप मिल) आशुतोष आनंद और ओसीटी (एसएमएस-2 एवं सीसीएस) हरिओम कुमार की टीम रही। इस सत्र में वरीय प्रबंधक (एसआईजीएस) आनंद राज ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। दोनों सत्रों में कार्बन फुट प्रिंट इश्यू, डिजिटलाइजेशन ब्रांड्स, बिजनेस, डिजिटल मार्केटिंग, एडवरटाइजिंग, लेटेस्ट टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट थ्योरी, पर्सनालिटीज, करेंट अफेयर्स इत्यादि क्विज के केन्द्रीय विषय थे। क्विज प्रतियोगिता के सफल संचालन एवं समन्वयन में वरीय प्रबंधक (एचआरडी) अमित आनंद, प्रशिक्षण पर्यवेक्षक (एचआरडी) ऋषिकेश रंजन, वरीय अनुदेशक (एचआरडी) अनिता कुमारी, कंप्यूटर असिस्टेंट (एचआरडी) संजीव कुमार, एसीटी (एचआरडी) एससी मुर्मू और राजू रंजन का अहम योगदान रहा।

## रोजगार की तलाश में केरल गये अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत



स्वांग (आजाद सिपाही)। रोजी रोटी की तलाश में केरल गए महलीबांध गांव के एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान देवा रजवार (53) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक वह अपने ही गांव के कुछ युवकों के साथ रोजगार की तलाश में केरल गया था। शुक्रवार की सुबह वे लोग केरल पहुंचे थे। पता चला है कि केरल पहुंचने पर देवा रजवार दोपहर में नहाने के बाद टहलने निकला था। वह रेल पटरी पर चलने लगा। तभी विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। उधर, घटना की सूचना मिलते ही केरल जीआरपी शव को अपने कब्जे में लेते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया। साथियों ने बताया कि इस बात की जानकारी पुलिस ने ही उन्हें दी है। देवा रजवार की मौत की खबर से पूरा गांव शोकाकुल है। परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## अब अलकडीहा में धंसी जमीन, मचा हड़कंप

धनबाद (आजाद सिपाही)। कोयलांचल में अवैध उत्खनन के कारण लगातार दूसरे दिन भू धंसान की घटना प्रकाश में आई है। घटना बलियापुर प्रखंड और अलकडीहा ओपी क्षेत्र के सेंट्रल सुरुंगा में शनिवार की अहले सुबह घटी है। जिसमें शिव मंदिर सहित क्षेत्र की जमीन और सड़को में दरार पड़ चुकी है। जमीन धंसने की सूचना मिलने पर इलाके में दहशत है। प्रभावित क्षेत्र के समीप दर्जनों परिवार रहते है, जो दहशत में है। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, खबर पाकर बीसीसीएल जीनागोड़ा कोलियरी के पदाधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे और भराई कार्य शुरू किया गया। समाचार लिखे जाने तक भराई कार्य जारी रहा। उदर, सूचना के अनुसार भू धंसान इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला खनन किया जाता है। इस वजह से जमीन खोखली हो चुकी है, जो घटना का कारण बनी। जिनागोरा परियोजना के पीओ एसके सिन्हा ने कहा कि जमीन धंसी है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है।

### कोयलांचल धनबाद में मनाई गई देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती

# देश की अखंडता के लिए इंदिरा गांधी ने अपने प्राण तक न्योछावर कर दिये : ब्रजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



आयरन लेडी स्व इंदिरा गांधी की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें नम करते कांग्रेसी।

**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को जिला पार्टी कार्यालय में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारतरत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने की। इश दौरान वक्ताओं ने उनके उत्कृष्ट कार्यों, राष्ट्र के प्रति योगदानों और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उनके तैल-चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि देश के सबसे सशक्त व मजबूत शक्तिशाली, सफल एवं कुशल नेतृत्व करने वाली व देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाली आयरन लेडी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एकता, अखंडता एवं संप्रदाय बनाए रखने के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में विश्व शक्तियों के सामने भी नहीं झुकी और पाकिस्तान को विभाजित कर दक्षिण एशिया के भूगोल को ही बदल दिया। यही नहीं, रजवाड़ों के अधिपत्य को समाप्त कर देशहित में बैंकों का राष्ट्रीयकरण, कोयला उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर गरीबी हटाओ का नारा दिया। देशहित में इंदिरा जी का उल्लेखनीय व महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनके कड़क नेतृत्व व महत्वपूर्ण योगदान से देश को एक नई दिशा मिली। इनकी शहादत से देश को अपूर्णीय क्षति हुई है। आज हमें इनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की दरकार है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कुमार सिंह ने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा जी की शहादत से देश को अपूर्णीय क्षति हुई। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र वर्मा, एआईसीसी सदस्य मदन महतो, शमशेर आलम, मनोज यादव, जिला कोषाध्यक्ष रमेश जिंदल, नवनीत नीरज, सीता राणा, जहीर अंसारी, गोपाल कृष्ण चौधरी, रामदुलारी देवी, दिनेश सिंह, जितेश सिंह, पप्पू कुमार तिवारी, पिंटू तुरी, कामता पासवान, मनोज कुमार हाडी, इम्तियाज अली, सत्यानंद पांडे, सरफुद्दीन अंसारी, रमेश राय, अरविंद सैनी, आसिफ रजा, गुलशन खातून आदि उपस्थित थे।

## भारत को सुदृढ़ और समृद्ध राष्ट्र बनाने में इंदिरा गांधी का रहा अहम योगदान : पूर्णिमा सिंह



झरिया (आजाद सिपाही)। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में झरिया इंदिरा चौक स्थित इंदिरा गांधी की नई प्रतिमा अनावरण के साथ मनाई गई। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उपस्थित समस्त कांग्रेस जनों ने माल्यार्पण एवं श्रृद्धासुमन अर्पित कर नम आंखों में उन्हें याद किया। विधायक पूर्णिमा सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी जी ने अपनी बुद्धिमता एवं दक्षता से भारत को एक सुदृढ़ व समृद्ध राष्ट्र बनाने में उनके अमूल्य योगदान के लिए देश सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, रविंदर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि केडी पांडे, ललन चौबे, मुख्तार खान, अशोक बरनवाल, शमशेर आलम, प्रकाश शर्मा, गणेश बहादुर सिंह, रामजी सिंह, प्रीतम रवानी, करीम अंसारी, रविंद्र सिंह, अर्जुन विश्वकर्मा, अशोक मालाकार, पिंटू तुरी, वीरेंद्र बहादुर सिंह, पंकज मिश्रा, बम भोली, कमल शर्मा सिंह, राकेश पासवान, राजा वर्मा, राजा अंसारी, राकेश मिश्रा, राजेंद्र साहू, रवि सिंह आदि थे।

## बाघमारा के सभी लाभुकों को मिलेगा केंद्रीय योजनाओं का लाभ: ढुल्लू महतो



महुदा (आजाद सिपाही)। पदुगोड़ा पंचायत अंतर्गत पदुगोड़ा बस्ती में शनिवार को ग्रामीण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई पूर्व जिला परिषद सह भाजपा महुदा मंडल नेता संतोष कुमार महतो ने की। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो भी शामिल हुए। संतोष महतो ने अपने कार्यकर्ताओं व सैकड़ो ग्रामीणों के सात गाजे-बाजे के साथ विधायक का स्वागत किया। ग्रामीण सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित महिला समूह की महिलाओं ने बताया की हम सभी को मासिक बैठक करने के लिए व्यवस्थित जगह नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। गांव में एक सामुदायिक भवन बनाने की बात हुई थी जो अबतक पूर्ण नहीं हुआ। महिलाओं ने विधायक ढुल्लू महतो से अधूरे पड़े सामूदायिक भवन के साथ ही बिजली, पानी व सड़क को दुरुस्त करने की मांग की। वहीं, विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीणों को दी जाने वाली महत्वकांक्षी योजनाओं को घर-घर देने की बात कही थी। हमने लगातार उनके मार्गदर्शन पर चलते हुए उन सभी योजनाओं को जैसे पानी, बिजली मकान, सड़क को बाघमारा क्षेत्र में देने का काम किये हैं। जब भी ग्रामीणों ने हमें बुलाया हम उनके बीच गये और उनके द्वारा बताई गयी समस्याओं को सुन कर, उसका निदान भी किया। आज पदुगोड़ा के 500 महिलाओं के बीच आकर उनके समस्याओं को सुना जिसे हम बहुत जल्द पूरा करेंगें। वहीं महिलाओं द्वारा यहां एक सामूदायिक भवन की मांग की गई है जिसे हम मार्च तक पूरा करेंगे। इस मौके पर छत्रुटांड़ के मुखिया प्रतिनिधि दिनेश प्रामाणिक, सीताराम महतो, राजेश कुमार, पार्वती महतो, प्रेमा देवी, शांति, उषा देवी, दीपाली महतो, रीना देवी व रेखा देवी आदि उपस्थित थी।

### सरकार के खिलाफ 23 को जिला मुख्यालय में भाजपा का जनाक्रोश प्रदर्शन

## चोरी और सीनाजोरी कर रही हेमंत सरकार : बिरंची नारायाण

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** राज्य की महागठंधन सरकार के खिलाफ भाजपा का आक्रामक रवैया लगातार जारी है। इसी कड़ी में 23 नवंबर को बोकारो जिला मुख्यालय प्के समक्ष भाजपा की ओर से आहूत जनाक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मंडल अध्यक्ष, प्रखंड मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भरत यादव ने की। बैठक में बूथ से लेकर जिला स्तर के अधिकतम कार्यकर्ताओ एवं जन सहभागिता के लिए योजना बनाई गई। बैठक में बोकारो विधायक बिरंची नारायण भी शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड की महागठबंधन सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है। एक सशक्त विपक्ष के नाते भाजपा सरकार को समय-समय पर आगाह करती रही है। लेकिन आम जनता के प्रति दायित्व को समझने के बजाय हेमंत सरकार चोरी और सीना जोरी करने लगी है। उन्होंने कहा कि झूठा वादा कर सत्तालोलुप झामुमो सरकार भ्रष्टाचार में घिरता देख लोक लुभवना घोषणा कर रही और झारखंड वासियों का ध्यान भटकाना और सहानुभूति बटोरना चाहती है। लेकिन किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा। आरोप लगाया कि हताशा में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा कार्यकर्तओं को झूठे मामलों में जेल में डाल रही है। मुख्यमंत्री के साथ ही उनके मंत्री व नेता खुले मंच से उन्हें मारने की धमकी दे रहे हैं। सरकार की जन विरोधी वीतियों और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए 23 को जिला मुख्यालय का घेराव करेंगें। बताया गया कि जुलूस निकाल कर जिला मुख्यालय तक पहुंचेंगें जिसमें प्रभारी के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रविंद्र राय भी उपस्थित होंगे। इस मौके पर संचालक महामंत्री संजय त्यागी, वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष रोहितलाल सिंह, मुकुल ओझा, दिलीप श्रीवास्तव, अशोक कुमार पप्पू, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, महेन्द्र राय, सुनील गोस्वामी, ऋतुरानी सिंह, पन्नलाल कान्दू, हरीश सिंह, टिंकू तापरिया, विनय किशोर, मनोज सिंह, पीयूष आचार्या, बैद्यनाथ प्रसाद, मंतोष ठाकुर, गोलू उपाध्याय, अविनाश झा, राजीव मालाकार, प्रकाश प्रामाणिक, अमित सिंह, रणजीत वर्णवाल, मनजीत सिंह, प्रकाश चटर्जी, निरंजन मिश्रा, मनीष पांडेय, अशोक महतो, झंतु दे, राजा, नरेश रजवार, हीरालाल, उमेश आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 28/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 28.11.22 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 29.11.22 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 29.11.22 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध मद

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | ग्राम बानाहापा में छठी नदी में सीढ़ी एवं गार्डवाल निर्माण। | 2498900.00 | 5000.00 | 50000.00 | छः माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 282799 District (22-23)_D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची

### नीलामी सूचना

पत्रांक............. आर०टी०ए, रांची दिनांक...............

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिवहन विभाग के पत्रांक 140, राँची दिनांक 02.02.2021 के द्वारा विभिन्न यातायात थानाओं में जप्त ऑटो की नीलामी का आदेश प्राप्त हुआ है,उक्त आलोक में यातायात जगन्नाथपुर थाना में जप्त ऑटो रिक्शा का यातायात थाना जगन्नाथपुर थाना परिसर में स्थित निम्नांकित जप्त ऑटो रिक्शा की नीलामी "जो है जहाँ है" के आधार पर दिनांक 02.12.2022 दिन शुक्रवार को 11:00 बजे पूर्वा० सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची झारखण्ड के द्वारा की जाएगी।

| क्रमांक सं० | वाहन संख्या | वाहन का प्रकार | बकाया कर | वर्तमान यात्रिक स्थिति के आधार पर वाहन का अनुमानित न्यूनतम सुरक्षित मूल्य(रूपये में ) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01BT-6981 | 3 Wheeler (Passenger) | IDBI BANK LTD,RATU EROAD BR,RANCHI | 56000.00 | |
| 2 | JH01AA-3196 | 3 Wheeler (Passenger) | M&M FIN SER LTD,RANCHI | 30000.00 | |
| 3 | JH01BA-6746 | 3 Wheeler (Passenger) | BANK OF BARODA,HESAG,BR,RANCHI | 52100.00 | |
| 4 | JH02Q-2403 | 3 Wheeler(Passenger) | SRI RAM TRANSPORT FIN CO.LTD | 12000.00 | |
| 5 | JH01AU-8165 | 3 Wheeler(Passenger) | BOI ,THAKURGAON BR,RANCHI | 11200.00 | |
| 6 | JH05AE-9646 | 3 Wheeler(Passenger) | -- | 45100.00 | |
| 7 | JH01AD-2034 | 3 Wheeler(Passenger) | M&M FIN SER LTD RANCHI | 35000.00 | |
| 8 | JH01AU-9342 | 3 Wheeler(Passenger) | M&M FIN SER LTD RANCHI | 41000.00 | |
| 9 | JH01BW-4005 | 3 Wheeler(Passenger) | INDUSIND BANK LTD RANCHI | 41000.00 | |
| 10 | JH01AZ-4324 | 3 Wheeler(Passenger) | UCO BANK HINOO BR,RANCHI | 41500.00 | |
| 11 | JH01AK-2054 | 3 Wheeler(Passenger) | BOI ,TANGAR BR,RANCHI | 52300.00 | |
| 12 | JH01BZ-6326 | 3 Wheeler(Passenger) | SYNDICATE BANK,HARMU BR,RANCHI | 52500.00 | |
| 13 | JH01AS-0854 | 3 Wheeler(Passenger) | BOI,KATHITAR BR RANCHI | 52300.00 | |
| 14 | JH01CX-3924 | 3 Wheeler(Passenger) | HINDUJA LEYLAND FIN LTD ,RANCHI | 59500.00 | |
| 15 | JH01BK-0762 | 3 Wheeler(Passenger) | TMFL ,RANCHI | 51000.00 | |
| 16 | JH01AV-5898 | 3 Wheeler(Passenger) | BOI ,BANO BR,SIMDEGA | 46000.00 | |
| 17 | JH01AG-3040 | 3 Wheeler(Passenger) | -- | 15000.00 | |
| 18 | JH01AP-4414 | 3 Wheeler(Passenger) | JH.GRAMIN BANK,BALALONG,BR RANCHI | 18000.00 | |
| 19 | JH01CT-7440 | 3 Wheeler(Passenger) | HINDUJA LEYLAND FIN LTD ,RANCHI | 51000.00 | |
| 20 | JH01AW-5534 | 3 Wheeler(Passenger) | M&M FIN SER LTD,RANCHI | 40000.00 | |
| 21 | JH01AH-3486 | 3 Wheeler(Passenger) | BOI,TUPUDANA,RANCHI | 38000.00 | |
| 22 | JH01BV-0475 | 3 Wheeler(Passenger) | BANK OF BARODA ,BIRSA CHOWK BR,RANCHI | 25000.00 | |
| 23 | JH01AL-1852 | 3 Wheeler(Passenger) | BOI,TUPUDANA,RANCHI | 35000.00 | |
| 24 | JH01AC-8263 | 3 Wheeler(Passenger) | -- | 35000.00 | |
| 25 | JH01BA-1543 | 3 Wheeler(Passenger) | INDUSIND BANK LTD RANCHI | 51000.00 | |
| 26 | JH01AR-8744 | 3 Wheeler(Passenger) | JH.GRAMIN BANK,BALALONG,BR RANCHI | 50000.00 | |
| 27 | JH08G-9140 | 3 Wheeler(Passenger) | UNION BANK OF INDIA,KURU,BR,LOHARDAGA | 51300.00 | |
| 28 | JH01AP-2246 | 3 Wheeler(Passenger) | SBI,SMECC BR,RANCHI | 51500.00 | |
| 29 | JH01BM-2681 | 3 Wheeler(Passenger) | INDUSIND BANK LTD RANCHI | 51000.00 | |
| 30 | JH01BJ-7892 | 3 Wheeler(Passenger) | IOB ,MAIN ROAD BR,RANCHI | 51000.00 | |
| 31 | JH01AV-7376 | 3 Wheeler(Passenger) | SBI RANCHI | 52000.00 | |
| 32 | JH01AB-9654 | 3 Wheeler(Passenger) | UBI CHANHO RANCHI, | 46000.00 | |

**नीलामी के आवश्यक शर्त निम्न प्रकार है :–**

1. नीलामी का आधार" वाहन जो है जहाँ है" होगा भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा, उसी स्थिति में देय होगा। उसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकेगा।
2. प्रत्येक ऑटो रिक्शा वाहन के लिए रूपये 1000/–(एक हजार) मात्र का भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो राज्य परिवहन आयुक्त राँची, झारखण्ड के पदनाम से देय होगा। दिनांक 01.12.2022 तक कार्यालय अवधि में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, राँची ,चौथा तल्ला, रूम न०–402, समाहरणलाय, ब्लॉक–बी, राँची में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये नीलामी को स्थगित/संशोधित या रद्द कर सकते है। इसके लिए किसी प्रकार की अपील नहीं की जा सकती है।

**नोटः–नीलामी के अन्य आवश्यक शर्त सूचना के वैबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।**

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द0छो0प्रा0परि0 प्राधिकार, राँची।

PR 282809 (Transport) 22-23 (D)

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 20 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# भारत को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाना चाहता है फ्रांस

- कहा : ताकतवर देशों की बढ़े भागीदारी, कल ब्रिटेन ने भी की थी यही मांग

एजेंसी

**न्यूयार्क।** फ्रांस ने भारत को यूएन सिक्योरिटी काउंसिल का स्थायी सदस्य बनाने की पेशकश की है। इसके पहले शुक्रवार यानी 18 नवंबर को ब्रिटेन ने भी भारत के पक्ष में यह मांग उठायी थी। यूनाइटेड नेशन (यूएन) में फ्रांस की प्रतिनिधि ने कहा है कि समय आ गया है जब उभरते ताकतवर देशों की दुनिया की सबसे पावरफुल संस्था में भागीदारी बढ़े। फ्रांस ने न सिर्फ भारत बल्कि जर्मनी, ब्राजील और जापान को भी सिक्योरिटी काउंसिल में स्थाई सदस्य बनाने की मांग की है।




## फ्रांस से पहले अमेरिका भी भारत का समर्थन कर चुका

साल 2021 में प्रधानमंत्री के अमेरिकी दौरे के समय वहां के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूएन सिक्योरिटी काउंसिल की स्थायी सीट पर भारत की दावेदारी की वकालत की थी। उस समय भारत के विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने बताया था कि सिर्फ अमेरिका ही नहीं, बल्कि सभी क्वॉड मेंबर देश इस बात पर सहमत हैं।

यूएन जनरल असेंबली की एक मीटिंग में नैथिली ब्रोडहर्स्ट ने कहा, 'फ्रांस लगातार यह मांग उठा रहा है। हम चाहते हैं कि काउंसिल दूसरे देशों को भी साथ लेकर चले जिससे यह संस्था और ज्यादा मजबूत हो। उन्होंने यह भी कहा कि सिक्योरिटी काउंसिल के काम को और बेहतर बनाने के लिए इसमें 25 सदस्य जोड़े जा सकते हैं। जिनमें अफ्रीकी देशों को भी शामिल किया जाए। नैथिली ने जियोग्राफिकल रिप्रेजेंटेशन के आधार पर सिक्योरिटी काउंसिल में सदस्यों को जोड़ने की बात कही है।

**भारत कर रहा है यूएनएससी में सुधार की मांग :** सिक्योरिटी काउंसिल में बदलावों को लेकर यूएन में भारतीय राजनयिक रुचिरा कंबोज ने गुरुवार को मुद्दा उठाया था, जिसमें उन्होंने वठरउ में सामान प्रतिनिधित्व की बात कही थी। बदलावों में जितनी देरी होगी उससे संस्था और दुनिया को उतना ही नुकसान भी होगा। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है, जब भारत की तरफ से इस तरह के सुधारों की मांग उठायी गयी हो। समय-समय पर यूएनएससी में इन बदलावों का भारत समर्थन करता रहा है।

# रेलवे सुपरवाइजर वर्ग के वेतन ढांचे का उन्नयन : आरएन सुनकर

## पूर्व तट रेलवे के अधीन कार्यरत 3521 सुपरवाइजरों को मिलेगा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सुनकर ने शनिवार को मीडिया को संबोधित किया और भारतीय रेलवे के पर्यवेक्षी संवर्गों के वेतन ढांचे के उन्नयन के संबंध में भारतीय रेलवे के नीतिगत निर्णय के बारे में विस्तार से बताया। महाप्रबंधक ने बताया कि भारतीय रेलवे के निर्णय से पूर्व तट रेलवे के अंतर्गत कार्यरत 3521 सुपरवाइजरों को अपग्रेडेशन का लाभ मिलेगा। उन्होने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे के पर्यवेक्षी संवर्गों के वेतन ढांचे के उन्नयन के बारे में घोषणा की है, जो कि भारतीय रेलवे में पर्यवेक्षकों की लंबे समय से लंबित मांग थी। यह कदम भारतीय रेलवे के पर्यवेक्षकों के मनोबल को बढ़ायेगा और इससे भारतीय रेलवे के लगभग 80000 पर्यवेक्षकों को लाभ होगा।



श्री सुनकर ने कहा कि भारतीय रेलवे एक बहु-विभागीय और बहु-विषयक संगठन है। इन सभी विभागों का योगदान पूरे देश में फैले पूरे रेलवे नेटवर्क के इष्टतम आउटपुट के लिए महत्वपूर्ण है। इन विभागों में पर्यवेक्षी संवर्ग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। ये संगठन की रीढ़ की हड्डी के रूप में माने जाते हैं और इनसे संपूर्ण रेलवे प्रणाली की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

भारतीय रेलवे के पर्यवेक्षी संवर्ग मुख्य रूप से समूह 'सी' में लेवल-7 के ग्रेड में सीधी भर्ती किए गए लोगों के लिए प्रोन्नति के पर्याप्त अवसर मौजूद नहीं थे। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए और भारतीय रेलवे के पर्यवेक्षी संवर्गों के लिए कैरियर की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए, इस मुद्दे की भारतीय रेलवे द्वारा समग्र रूप से जांच की गई और स्तर-7 से पर्यवेक्षी संवर्गों के (50%) के उन्नयन का प्रस्ताव किया गया। इसको ध्यान में रखते हुए लेवल 7 (पीबी-2/जीपी 4600) से लेवल-8 (पीबी-2/जीपी-4800) और लेवल-8 (पीबी-2/जीपी-4800) से लेवल-9 (पीबी-2/जीपी -5400) में इन पदों के उन्नयन की घोषणा की गयी है।

# पॉजिटिविटी सम्मान से सोआ सम अल्टीमेट को नवाजा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को समाज में पॉजिटिविटी पैदा करने और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सकारात्मक रत्न पुरस्कार' मिला है। इसी तरह सम अल्टीमेट मेडिकेयर (समम), जिसने ओडिशा में स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभायी है, उन्हेंको 'सकारत्मक नेत्रत्व पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। सोसाइटी फॉर इनिशिएटिव्स ने देश में पॉजिटिविटी आंदोलन को बढ़ावा देने के योग्य समझे जाने वाले संगठनों और व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए शुक्रवार को नयी दिल्ली में सिविल सेवा अधिकारी संस्थान में अपना दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इसका उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था।




राज्यसभा के उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह ने सम्मानित अतिथि के रूप में समारोह में भाग लिया और सोआ और सुमम को पुरस्कारों से सम्मानित किया। प्रीतिम नायक सोआ के ओएसडी संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक जो दिल्ली में स्थित हैं, उन्होंने सोआ और सुमम की ओर से दोनों पुरस्कार प्राप्त किये। श्री कोविंद ने अपने उद्घाटन भाषण में पॉजिटिविटी पर जोर दिया। इस संदर्भ में उन्होंने आधा पानी भरे गिलास का उदाहरण दिया और कहा कि अगर हम इसे आधा खाली देखें तो यह मन की नकारात्मक भावना को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि अगर हम इसे आधा भरा हुआ गिलास देखते हैं तो यह मन की पॉजिटिविटी को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि गहरी निराशा के समय पॉजिटिविटी की एक छोटी सी किरण भी अविश्वसनीय रूप से शक्तिशाली हो सकती है। उन्होंने सभी से यह रवैया अपनाने की अपील की। पूर्व राष्ट्रपति ने उन संस्थानों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्हें पुरस्कार के योग्य माना गया था कि उन्होंने समाज में पॉजिटिविटी पैदा करने और राष्ट्र के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभायी है। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति श्री सिंह ने समाज में पॉजिटिविटी पैदा करने में सोआ और सुमम सहित सभी पुरस्कार विजेताओं की भूमिका की सराहना की। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष विनय सहस्त्रबुधी नीति आयोग के पूर्व सीइओ अमिताभ कांत, केंद्रीय कौशल विकास और इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और केंद्रीय मंत्री विदेश राज्य की मीनाक्षी लेखी इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थीं।

# गाजियाबाद के कौशांबी रेडिसन ब्लू के मालिक ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गाजियाबाद के कौशाम्बी रेडिसन ब्लू के मालिक अमित जैन ने खेल गांव स्थित घर पर की आत्महत्या। कारोबार में घाटा बताई जा रही है वजह। मंडावली थाना पुलिस को शनिवार को दोपहर सूचना मिली थी कि खेल गांव में अपने फ्लैट पर अमित जैन ने खुदकुशी कर ली है। पुलिस ने जैन को अचेत हालत में पटपड़गंज मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिल्ली पुलिस शव को कब्जे में लेकर एलबीएस अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजेगी। रविवार सुबह पोस्टमार्टम होगा। दरअसल, मंडावली थाना पुलिस को शनिवार दोपहर 12:30 बजे सूचना मिली थी कि खेल गांव में अपने फ्लैट पर अमित जैन नेआत्महत्या कर ली है। दिल्ली पुलिस शव को कब्जे में लेकर एलबीएस अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजेगी। पुलिस का कहना है कि अमित जैन का रविवार सुबह पोस्टमार्टम होगा।




## आत्महत्या की वजह कारोबार में घाटा

आत्महत्या की वजह के पीछे कारोबार में घाटा होना बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उनकी गाड़ी सुबह से सोसायटी के बाहर ही खड़ी थी। दिल्ली पुलिस क्राइम इन्वेस्टिगेशन टीम उनकी गाड़ी की जांच कर रही है। अभी किसी को उनके फ्लैट तक जाने की अनुमति नहीं मिली है।

# शीतकाल के लिए बंद हुए बदरीनाथ के कपाट, जयकारों से गूंज उठा धाम



**जोशीमठ (चमोली)।** बद्रीनाथ धाम के कपाट शनिवार को अपराहन तीन बज कर 35 मिनट पर विधि विधान से शीतकाल के लिए बंद कर दिये गये हैं। इस मौके पर करीब 10000 तीर्थ यात्रियों ने अंतिम पूजा में प्रतिभाग किया। अंतिम दिन सेना के मधुर बैंड की धुनों पर श्रद्धालु जम कर झूमे। कपाट बंद होने के बाद कुबेर और उद्धव जी की उत्सव मूर्ति डोली बामणी गांव के लिए रवाना हुई। इस मौके पर ज्योतिर्माठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज और बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय भी मौजूद रहे। इस वर्ष 17 लाख 60 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ धाम के दर्शन किये, जो अब तक का रिकॉर्ड है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि माणा गांव की महिला मंगल दल की महिलाओं की ओर से तैयार किये गये घृत कंबल (घी में भिगोया ऊन का कंबल) को भगवान बदरीनाथ को ओढ़ाया गया।




# बेंगलुरु के कॉलेज में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाये

## तीन विद्यार्थियों पर एफआइआर, सभी नाबालिग, कॉलेज ने सस्पेंड किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु के न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में 3 स्टूडेंट्स ने पाकिस्तान समर्थक नारे लगाये हैं। नारे लगाने वाले 3 स्टूडेंट्स में एक लड़की भी शामिल हैं। यहां इंटर कॉलेज फेस्ट की तैयारी हो रही थी। इस दौरान यह घटना हुई।

तीनों को मराठाहल्ली थाना पुलिस ने पहले अरेस्ट किया, बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया। तीनों आरोपी नाबालिग हैं। कॉलेज प्रशासन ने आरोपी स्टूडेंट्स को सस्पेंड कर दिया है।

**पसंदीदा आइपीएल टीम के समर्थन में लगाये थे नारे :** कॉलेज में 25-26 नवंबर को फेस्ट होना है। तैयारी के दौरान अपनी पसंदीदा क्ढछ टीम का नाम जोर-जोर से बोल रहे थे। तभी अचानक तीनों ने नारे लगाना शुरू कर दिया। वहां मौजूद दूसरे स्टूडेंट्स ने इस पर आपत्ति जताई, लेकिन वे नहीं माने और नारे लगाते रहे। इसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आयी और केस दर्ज किया।

**स्टूडेंट्स ने मजाक में लगाये थे नारे :** पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया कि स्टूडेंट्स ने जानबूझकर नारे नहीं लगाये हैं। उन्होंने ऐसा मजाक में किया। जांच में सहयोग करने की शर्त पर जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# रैगिंग : सीनियर्स ने छात्रा से जबरन किस कराया

# 12 विद्यार्थी कॉलेज से निकाले गये, 5 अरेस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में एक कॉलेज में रैगिंग के नाम पर नाबालिग लड़की और लड़के को जबरन किस कराने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में पांच स्टूडेंट्स को हिरासत में लिया गया है। इनमें से दो नाबालिग हैं।

मामला गंजम जिले के बिनायक एकेडमी कॉलेज बेरहामपुर का बताया जा रहा है। बेरहामपुर के रढ सरबन विवेक एम ने बताया कि 5 स्टूडेंट को हिरासत में ले लिया है। उनके खिलाफ रैगिंग और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी अंतिम वर्ष का छात्र अभिषेक नाहक है। उसकी उम्र 24 साल है।



**सीनियर गर्ल्स भी हंसती नजर आयीं :** वीडियो में देखा जा सकता है कि सीनियर्स फर्स्ट ईयर की एक लड़की और लड़के को आपस में किस करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। एक सीनियर पास कुर्सी पर बैठा है, उसके हाथ में एक डंडा है। वो लड़के को थप्पड़ मार रहा है और मजबूर कर रहा है कि वह लड़की को किस करे। लड़का लड़की को किस करता है। इसके बाद लड़की उठकर जाने लगती है, तो सीनियर स्टूडेंट उसका हाथ पकड़कर बैठा लेता है। उसे हाथ में रखी झड़ी दिखाकर डराता है। मौके पर करीब 20 सीनियर स्टूडेंट नजर आ रहे हैं, जिनमें कुछ छात्राएं भी हैं। वे घटना का विरोध करने की बजाय हंसती नजर आ रही हैं।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**